




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



आचार्य रवीन्द्र ज्योतिषाचार्य (चित्रकूट वाले)

हर समस्या का समाधान : कुण्डली एवं हस्त रेखा के माध्यम से जीवन में आने वाली परिशानियों को जानें। प्रेम विवाह, बिजनेस एवं विदेश यात्रा में रुकावट आदि।

पता- होटल सुनालिया रूम नं. 38
मिलने का समय : सायं 5 बजे से 8 बजे तक

मो.नं.-7879910464



वर्ष 34 अंक 282 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 13 जुलाई 2023 डाक 14 जुलाई 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने नई दिल्ली में मिलेनियम बस डिपो के पास सरकार द्वारा स्थापित बाढ़ राहत शिविर का दौरा किया



**देश-विदेश**

नक्सलियों से मुठभेड़ में डिप्टी कमांडेंट को गोली लगी, पिता ने कहा- बेटा अभी और दुश्मनों को मारो



**कोरिया-रायपुर**

70 स्कूलों के नवीनीकरण पर बड़ी राशि खर्च हुई कोरिया जिले में इस वर्ष




# उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से आफत, 249 मार्गों पर यातायात बंद, 9400 यात्री फंसे

**देहरादून, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

उत्तराखंड में मौसम का सितम जारी है। लगातार हो रही बारिश ने लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया है। नेशनल हाईवे से लेकर सड़क मार्ग भूस्खलन की वजह से बंद है। भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं। हरिद्वार से लेकर ऋषिकेश तक में गंगा की जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। वहीं, ऊपरी इलाकों की बात करें तो मूसलाधार बारिश के चलते घर से लेकर सेब के बगीचे सब पानी में बह गए हैं। भारी बारिश का ये दौर अभी थमने वाला नहीं है। गुरुवार को भी उत्तराखंड के कई जिलों में भारी वर्षा होने वाली है। इसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है। वहीं कहीं जिलों में सुरक्षा को देखते हुए बच्चों के स्कूल बंद कर दिए हैं। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को देहरादून, पौड़ी, टिहरी, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में भारी वर्षा की आशंका जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि इन जिलों में मूसलाधार वर्षा की संभावना है।

### टिहरी में आसमानी आफत का कहर, बिजली गिरने से 100 बकरियों की मौत

टिहरी में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां खराब मौसम के बीच लगातार आसमानी बिजली भी गिर रही है। भिलंगना प्रखंड के दुरस्त पंवाली बुग्याल छेत्र के पास एक ग्रामीण अपनी बकरियों को चरा रहा था, तभी वहां वज्रपात हुआ। आसमानी बिजली गिरने से 100 के करीब बकरियों के मरने कि सूचना मिली है। घनसाली एसडीएम के एन गोस्वामी ने सूचना पर मृत बकरियों के पोस्टमार्टम और घटना कि सही जानकारी लेने के लिए राजस्व और पशुपालन विभाग की टीम को मौके के लिए



रवाना कर दिया हैं।

### जलभराव की समस्या से गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

दिल्ली हाईवे पर स्थित साउथ सिविल लाइन में 2 दिन से जलभराव होने से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना है कि पिछले दो दिन से लोगों के घरों में पानी भरा है, लेकिन प्रशासन का कोई आधिकारिक सूचना के बावजूद मौके पर नहीं पहुंच रहा है। इसी दौरान वहां से निकल रहे कावड़ यात्रियों को भी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान मौके पर नोकझोंक भी हुई। सूचना मिलने पर एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर रवाना हो रहे हैं।

### नीलकंठ महादेव मंदिर में अब तक 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

ऋषिकेश लगातार हो रही वर्षा के बावजूद नीलकंठ महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गुरुवार की सुबह तक इस यात्रा काल में 25 लाख से अधिक श्रद्धालु यहां जलाभिषेक कर चुके हैं। मध्य रात्रि से सुबह आठ बजे तक 1.85 लाख श्रद्धालुओं ने यहां जलाभिषेक किया। पैदल मार्ग और मोटर मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। एसएसपी श्वेता चौबे और अधिकारी भीड़ नियंत्रण के लिए मौके पर हैं।

### हरिद्वार में भारी बारिश से जलभराव का समस्या

लगातार हो रही बारिश के कारण हरिद्वार के तमाम इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। भीमगोड़ा, कनखल, ज्वालापुर क्षेत्र के कुछ मोहल्लों में पानी घरों में घुसने लगा है, प्रशासनिक अमला सुबह से ही व्यवस्था संभालने में जुटा है। निचले इलाकों भीमगोड़ा, बैरागी कैंप, कनखल, जगजीतपुर सहित लालढांग, लक्सर, श्यामपुर आदि ग्रामीण क्षेत्रों का बुरा हाल है। गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा 293 मीटर से नीचे 292.40 पर है, बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है।

### रुड़की की जेल में भरा पानी, 19 महिला बंदी हरिद्वार शिफ्ट

भारी वर्षा के चलते रुड़की उपकारागार में भी जलभराव हो गया है। रुड़की जेल में जलभराव होने से महिला बैरक में पूरी तरह से पानी भर गया है। जिसके चलते 19 महिला बंदी को हरिद्वार की रोशनाबाद जेल में शिफ्ट किया गया है। पिछले करीब पांच दिनों से लगातार वर्षा हो रही है । जिसके चलते हर जगह जलभराव हो गया । रुड़की शहर से लेकर भगवानपुर मंगलोर तथा अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जलभराव हो रहा है।

### हरिद्वार में भारी बारिश का सितम, घरों में घुसा पानी

लगातार हो रही बारिश के कारण हरिद्वार के तमाम इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। भीमगोड़ा, कनखल, ज्वालापुर क्षेत्र के कुछ मोहल्लों में पानी घरों में घुसने लगा है। प्रशासनिक अमला सुबह से ही व्यवस्था संभालने में जुटा है। लोगों को परेशानी हो रही है।

### बदरीनाथ व गौरीकुंड हाईवे अवरूद्ध, 1000 से अधिक यात्री फंसे

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में भारी बारिश से भूस्खलन लगातार हो रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ से लेकर जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग में तेज बारिश हो रही है। गौरीकुंड व बदरीनाथ हाईवे अवरुद्ध भूस्खलन चल रहे हैं। मार्ग अवरुद्ध होने के चलते 1000 से अधिक यात्री विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं।बदरीनाथ हाईवे सिरोबगड़ में बीते शाम से अवरुद्ध है। जबकि गौरीकुंड हाईवे रुद्रप्रयाग से 5 किलोमीटर आगे भटवाड़ीसेंण में अवरुद्ध चल रहा है। जनपद में 20 से अधिक ग्रामीण मोटर मार्ग अवरुद्ध चल रहे हैं।

### गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध, 2000 से अधिक कांवड़ यात्री फंसे

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुनगर और हेल्यु गाड़ के पास मार्ग अभी भी अवरुद्ध है। मार्ग को खोलने का कार्य चल रहा है। मार्ग बंद होने से 2,000 से अधिक कांवड़ यात्री यहां फंसे हुए हैं । यह कांवड़ यात्री दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के हैं। रात भर कांवड़ यात्रियों ने सड़क पर ही खुले आसमान के नीचे सड़क खुलने का इंतजार किया। बृहस्पतिवार की सुबह बीआरओ ने राजमार्ग को खोलने का कार्य शुरू किया है।

## नवाब मलिक की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई।** एनसीपी नेता नवाब मलिक को कोर्ट से एक बार फिर झटका लगा है। उनकी जमानत याचिका बॉम्बे हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। नवाब मलिक पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। मेडिकल ग्राउंड पर वह हाईकोर्ट से जमानत मांग रहे थे।

## फ्रांस के लिए रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी, कहा- यात्रा से हमारी सामरिक साझेदारी को नयी गति मिलेगी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि उनकी फ्रांस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को नयी गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह फ्रांस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा को लेकर आशान्वित हैं। फ्रांस रवाना होने से पहले अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा इस मायने में खास है कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस या बैस्टिल दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि बैस्टिल दिवस समारोह में भारतीय सेना के तीनों अंगों की एक टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है और भारतीय वायु सेना के विमान भी इसमें शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की सामरिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी जड़े गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता में निहित है और दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था निवेश शिक्षा, संस्कृति, लोगों के बीच सम्पर्क, असैन्य परमाणु क्षेत्र, अंतरिक्ष जैसे विविध क्षेत्रों में करीबी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '' मैं इस दीर्घकालिक और 25 वर्षों में समय की कसौटी पर खरे उतरे इस संबंध को और आगे ले जाने को लेकर राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करने और विभिन्न विषयों पर चर्चा करने को आशान्वित हूं।

## आईटीओ से लेकर लालकिले तक पहुंचा यमुना जी का पानी, मेट्रो ने घटाई स्पीड

### यमुना बैंक स्टेशन पर प्रवेश बंद

**नईदिल्ली।** उत्तर भारत सहित पहाड़ी राज्यों में आसमान से बारिश कहर बनकर बरस रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को भी कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तराखंड, बिहार और दिल्ली के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, सरकार ने भी अपने अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कहा कि यमुना के बढ़ते जल स्तर के कारण एहतियात के तौर पर नदी पर बने सभी चार मेट्रो पुलों से ट्रेनें 30 किमी प्रति घंटे की प्रतिबंधित गति से गुजर रही हैं। इसके अलावा सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद मयूर विहार फेज 1 के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घूसने के कारण कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। लोगों ने फ्लाइओवर ने नीचे शरण ली है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना में बढ़ते जल स्तर की वजह से वज़ीराबाद, चन्द्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद करने पड़ रहे



हैं। इस वजह से दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी की परेशानी होगी। जैसे ही यमुना का पानी कम होगा, इन्हें जल्द से जल्द चालू करने की कोशिश करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। अब पानी 208.46 पर पहुंच गया है। बढ़ते हुए जल स्तर के कारण, यमुना के आस पास की सड़कों पर आ गया है। आपसे अनुरोध है कि इन रास्तों पर ना जायें। सीएम केजरीवाल ने कहा कि जिन आबादी वाले इलाकों में पानी भरा है, वहां से लोगों को निकाल रहे हैं। वहां रहने वालों से अनुरोध है कि प्रशासन का सहयोग करें। लोगों की जान बचाना सबसे ज़रूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दिल्ली वालों से अपील है कि इस आपातकाल स्थिति में एक दूसरे का हर संभव सहयोग करें।

## मणिपुर में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों द्वारा जबरन वसूली के मामले में एनआईए ने 3 के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया



**नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मणिपुर में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के सदस्यों द्वारा जबरन वसूली के एक मामले में म्यांमार के एक नागरिक सहित तीन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इम्फाल में एक विशेष एनआईए अदालत के समक्ष प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के तीन कैडरों, अर्थात् (पीपुल्स रिवोल्यूशनरी आर्मी), केसीपी (कांगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी), पीआरईपीएके (पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेइपाक) और यूएनएलएफ (यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट) के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। ), दूसरों के बीच में। म्यांमार के दीपक शर्मा उर्फ खिनमाउंग, मणिपुर के सूरज जसीवाल और मणिपुर के ही शेखोम ब्रुस मीतेई के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था। शर्मा पर विदेशी अधिनियम के तहत अतिरिक्त आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने कहा कि आरोपी इन आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के इरादे से धन जुटा रहा था। अब तक की जांच से पता चला है कि प्रतिबंधित संगठनों के कैडर अपने संगठनों के लिए धन जुटाने के लिए इंफाल और घाटी के इलाकों में लोगों को जबरन वसूली के लिए कॉल कर रहे थे। इन कैडरों ने पीड़ितों के साथ अपने सहयोगियों के बैंक खाते का विवरण साझा किया और उन्हें निर्देश दिया कि एनआईए ने कहा, जबरन वसूली की रकम उसी में जमा करो। एनआईए ने 9 मार्च, 2022 को स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था। मामले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए जांच जारी है।

### प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया

*ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के निचले सुबनसिरी जिले में हापोली टाउनशिप के शैक्षणिक संस्थानों और उसके आसपास अचानक छापेमारी के दौरान*



*बड़ी मात्रा में सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए। यह छापेमारी COTPA अधिनियम 2003 की धारा 6 (बी) के तहत सिगरेट और अन्य प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री की निगरानी के लिए नियमित जांच का हिस्सा थी, जो एक शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के भीतर किसी भी तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है। यह अधिनियम की धारा 24 के तहत एक दंडनीय अपराध है, जिसमें 200 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। कुल मिलाकर 24 दुकानें अधिनियम का उल्लंघन करती पाई गई और उनसे 4800 रुपये का जुर्माना वसूला गया।*

## देश जल्द ही सबसे बड़े शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरने के लिए प्रार्थना की: नितिन गडकरी

**तिरूपति, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ दिन के शुरुआती घंटों में दर्शन किया। केंद्रीय मंत्री ने बाद में कहा कि उन्होंने भगवान से भारत को समृद्धि से युक्त एक शक्तिशाली राष्ट्र बनने का आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। तिरुमाला मंदिर के बाहर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें अपने परिवार के साथ दर्शन करने का सौभाग्य मिला



है। उन्होंने कहा, मैंने भगवान श्री वेंकटेश्वर से प्रार्थना की कि वे मुझे अपने देश के लोगों की सेवा करने के लिए और अधिक शक्ति प्रदान करें।

श्री वेंकटेश्वर के आशीर्वाद से देश जल्द ही सबसे बड़े शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरेगा। इससे पहले उनके साथ श्री वेंकटेश्वर के दर्शन के लिए टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष वाई.वी. सुब्बा रेड्डी भी थे। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों द्वारा वेदशिर्वचनम की पेशकश की गई। बाद में अध्यक्ष ने उन्हें तीर्थ प्रसादम, श्रीवरु की तस्वीर भेंट की।

## इंदौर से पार्षद, विधायक और सांसद रहे कल्याण जैन का निधन, समाजवादी आंदोलन के प्रणेता

**इंदौर ।** समाजवादी आन्दोलन के प्रणेता इंदौर से पार्षद, विधायक, एवम् सांसद रहे कल्याण जैन का आज गुरुवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। आज सुबह 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरुवार शाम चार बजे उनका पंचकुइया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।13 अगस्त 1934 को इंदौर में जन्मे कल्याण जैन देश की छठी लोकसभा (1977) में सांसद रहे थे। वह जनता पार्टी के अलावा संयुक्त समाजवादी पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी और भारतीय लोक दल के सदस्य भी रहे हैं। इंदौर के पूर्व सांसद कल्याण जैन 1967 में विधायक और 1962 में पार्षद भी रहे थे। कल्याण जैन समाजवादी पार्टी के मुखिया, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के करीबी मित्रों में से एक रहे थे।



## जय विलास पैलेस की सैर करेंगी राष्ट्रपति, भोज के लिए बनाए जा रहे ये खास व्यंजन

**ग्वालियर, 13 जुलाई [एजेंसी]।**



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू गुरुवार को ग्वालियर जिले के दौरे पर रहेंगी। वह केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निवास जय विलास पैलेस में स्थित जीवाजी राव सिंधिया संग्रहालय का भ्रमण करेंगी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया अपने निवास जय विलास पैलेस में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मेजबानी करेंगे व उनके साथ आईआईआईटीएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अनुसार वायुसेना के एयरबेस पर लैंड करने के बाद राष्ट्रपति जय विलास पैलेस पहुंचेंगी, जहां उनके स्वागत के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके बाद राष्ट्रपति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ स्वर्गीय जीवाजी राव सिंधिया की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्जवलित करेंगी।

वह पैलेस में बनी मराठा गैलरी व अन्य गैलरियों के चित्रों व प्रतीकों को देखेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के भी खास इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में 150 से ज्यादा अधिकारी और दो हजार से ज्यादा जवान अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहेंगे। ग्वालियर दौरे के दौरान राष्ट्रपति लगभग चार घंटे शहर में रुकेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई मंत्री साथ रहेंगे।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग से पहले तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर पहुंचे वैज्ञानिक, मिशन की सफलता के लिए की पूजा



**नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जल्द ही चंद्रयान- 3 लॉन्च करने जा रहा है। सफल लॉन्च की प्रार्थना के लिए इसरो वैज्ञानिक की एक टीम चंद्रयान-3 के छोटे मॉडल को लेकर तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर पहुंची। आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर में इसरो वैज्ञानिकों ने पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने छोटे मॉडल को दिखाते हुए कहा कि यह चंद्रयान-3 है। इसे कल लॉन्च किया जाएगा। इसरो ने हाल ही में घोषणा की थी कि इसरो चंद्रयान के तीसरे मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 14 जुलाई को दोपहर बाद 2-35 बजे लॉन्च करेगा।

इससे पहले मंगलवार को इसरो ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतारने का पूर्वाभ्यास किया था। इसरो की ओर से एक ट्वीट में बताया गया था कि लॉन्च की पूरी तैयारी और प्रक्रिया का डमी रूप में 24 घंटे का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 14 जुलाई को करेगा। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। इससे पहले इसरो ने दो मिशनों- चंद्रयान -1 और चंद्रयान-2 को लांच किया था, लेकिन ये दोनों सतह पर लैंड नहीं हो सके थे।

## भोपाल में एक ही परिवार के चार लोगों ने की आत्महत्या, पति-पत्नी समेत दो बच्चे भी शामिल

**भोपाल, 13 जुलाई [एजेंसी]।**



**राजधानी भोपाल में एक ही परिवार के के चार लोगों ने आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।**

भोपाल शहर के रातीबड़ थाना इलाके में एक परिवार द्वारा सामूहिक खुदकुशी से शहर में सनसनीखेज मामला सामने आया है। मरने वालों में पति-पत्नी के अलावा दो बच्चे भी शामिल हैं। घर के एक कमरे में दंपती के शव फंदे पर लटके मिले। वहीं बच्चों को जहर देने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कर्ज से परेशान होने का जिक्र किया गया है। फांसी लगाने से पहले दंपती ने सुसाइड नोट को रिश्तेदारों के मोबाइल पर वाट्सएप, टेलीग्राम एप के जरिए भेजा था।

सुसाइड नोट में दंपति ने कर्ज की वजह से जान देने की बात लिखी। फिलहाल पुलिस ने चारों शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। इस मामले में फोन हैक कर ब्लैकमेलिंग की बात भी सामने आ रही है।

# कुछ दिन थमने के बाद कोयलांचल दीपका में प्रारंभ हुई डीजल चोरी

**कोरबा।** कुछ काम ऐसे होते हैं, जो चाहकर भी बंद नहीं हो पाते । कमाई की बेहद संभावनाओं के कारण उन्हें हर हाल में संचालित करना जरूरी समझा जा रहा है। कोरबा जिले के गेवरा दीपका कोलफील्डस में कुछ दिनों के लिए बंद हुआ डीजल चोरी का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। दावा किया जा रहा है कि पहले की तुलना में फिलहाल इसका अनुपात थोड़ा कम है, लेकिन पूरी सक्रियता के साथ इस काम को अंजाम दिया जा रहा है।

लगातार दबाव बढ़ने के चक्कर में एक महीने पहले खदानों से डीजल चोरी का काम आखिरकार बंद करना पड़ा। कई स्तर पर गठजोड़ किये जाने की स्थिति में यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा था। तमाम तरह के जोखिम और चुनौतियों से निपटने की इच्छाशक्ति के साथ ऐसे काम किये जा रहे थे। सूत्रों का कहना है कि कई कारणों से समीकरण बिगड़ गए। मामले को सामान्य करने की कोशिश की गई लेकिन यह नाकाम रही। आखिरकार इस काम को बंद करना पड़ा। कहा जा रहा है कि बहुत ज्यादा निवेश नहीं करने पर भी अच्छे फायदे इसमें सुनिश्चित है। इसलिए अब गेवरा दीपका कोल फील्डस से डीजल की चोरी का काम प्रारंभ कर दिया गया है। दावा किया जा रहा है कि नए सिरे से प्यादे फिट किये गए हैं, जिनके जरिये इस बेहद चुनौतीपूर्ण लेकिन लाभदायक काम को संपन्न किया जाना संभव हुआ है। आज की तारीख में खदानों से हजारों लीटर डीजल के प्रतिदिन पार किये जाने की खबरें मिल रही हैं। कंपनी अपने कामकाज के लिए हैवी मशीनरी में लोड करने वाले डीजल की काफी मात्रा चोर गिरोह के हवाले हो रही है। करोड़ों का व्यवसाय हर महीने करने वाली कंपनी को भले ही इससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है, लेकिन बड़ी बात यह है कि डीजल चोर और उनके लिए काम करने वाले कारिंदे अपने आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में सफल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि हालिया दौर में यह काम इस इलाके में उत्तम पुरूष और उसकी बेहद संगठित कर रही है। मैदानी स्तर पर उन लोगों की सेवाएं अत्यंत आकर्षक दैनिक मजदूरी पर ली जा रही है, जो आसपास के इलाके से जुड़े हुए हैं और उन्हें पूरे खदान क्षेत्र के बारे में जानकारी है। ऐसे में धरपकड़ की संभावना होने पर ये लोग काफी जल्द मौके से भाग लेते हैं और स्थिति अपने अनुकूल होने पर सुरक्षा तंत्र से निपटने का दम भी रखते हैं।



### चिंता जता चुके है ट्रेड यूनियन

कोयलांचल दीपका इलाके में चोरी चकारी से संबंधित गतिविधियों को लेकर साउथ इस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड में श्रमिक हितों पर कार्यशील कई ट्रेड यूनियन पिछले महीने में गंभीर चिंता जता चुकी है। उन्होंने इस बारे में सरकार के लोगों तक अपनी बात पहुंचायी है और बताया है कि इस तरह के माहौल में कर्मचारियों के मन में डर बना हुआ है। कई मौकों पर चोर गिरोह महिलाओं को आगे कर सुरक्षाबल और एसईसीएल कर्मियों को ब्लैकमेल करते रहे हैं कि उनके काम में बाधा उत्पन्न की गई तो गलत मामले में फंसा दिया जाएगा। इन कारणों से हर कोई चोरों से खुद को बचाने में लगा हुआ है।

## सैकड़ों कांग्रेसी गए बिर्रा

**कोरबा।** आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बिर्रा आगमन हो रहा है। उनके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सैकड़ों कांग्रेसी प्रातः बिर्रा के लिए रवाना हुए। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी पीएल यादव, रामगोपाल यादव, मनोज जायसवाल, गिरधारी बरेठ, वीरेन्द्र राठौर बिर्रा के लिए रवाना हुए। इसी तरह साहू समाज के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू के नेतृत्व में भी अनेकों सदस्य बिर्रा के लिए रवाना हुए हैं।

## प्रदेश स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

**कोरबा।** भीम आर्मी की प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए दिल्ली में 21 जुलाई को धरना दिया जाएगा। जिसमें पूरे देश के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। कोरबा जिले से अमृता रात्रे, गिरजा शंकर खुंटे, अनिल खुंटे, शुभम भारती, रौशन सूर्यवंशी बैठक में शामिल हुए। इन कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा है कि ब्लाक क्षेत्रों में जाकर कार्यकारिणी का गठन करें। इसके अलावा जिलाध्यक्ष गिरजा शंकर खुंटे के कार्यों की प्रशंसा की गई।

## सावन माह में शिवालयों में अनुष्ठान

**कोरबा।** जिले के शिवालयों में सावन पर अनुष्ठान हो रहे हैं। इनमें जलाभिषेक, रूद्राभिषेक सहित शिव महापुराण कथा शामिल है। दो सावन होने से भक्तों में काफी उत्साह बना हुआ है। 30 अगस्त को पूर्णिमा के साथ सावन समाप्त होगा।

## सी-मार्ट में आई गेड़ी, पूछ-परख बढ़ी

**कोरबा।** हरेली पर्व पर कई प्रकार के आयोजन जिले में होंगे। सरकार इसका प्रचार कर रही है। प्रतिभागियों को पुरूस्कृत भी करना है। यहां के सी-मार्ट में गेड़ी पहुंच गई है। इसकी अच्छी मांग बनी हुई है। संचालक ने बताया कि अलग-अलग वैराटीयां इसमें शामिल है।

## उधारी के 10 हजार लेनदेन को लेकर मारपीट, दो पक्षों पर कार्रवाई



**कोरबा।** जिले के पाली थाना अंतर्गत चैतमा पुलिस चौकी के ग्राम बम्हनीखुर्द में गत रात्रि 10 हजार रूपए उधारी के लेनदेन को लेकर दो युवकों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने मामले में काउंटर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बम्हनीखुर्द चैतमा निवासी किशन बरेठ उम्र 35 पिता फूलसाय बरेठ ने वर्ष 2021 में बम्हनीखुर्द निवासी संजीव कंवर उम्र 40 पिता लक्ष्मीनारायण कंवर को 10 हजार रूपए घरेलु कार्यों के लिए जरूरत होने पर उधारी में दिया था। उस दौरान दोनों के मध्य यह तय हुआ था कि जब जरूरत होगी तो किशन द्वारा रूपए मांगने पर उसे संजीव कंवर लौटा देगा। इधर कुछ दिनों से जरूरत होने पर किशन अपने रूपए मांग रहा था, मगर संजीव उसे देने में आनाकानी कर रहा था।

बताया जाता है कि गत रात्रि 7.30 बजे के लगभग संजीव कंवर के बम्हनीखुर्द स्थित घर पर किशन बरेठ अपने रूपए मांगने गया था। वहां रूपया देना तो दूर रहा उल्टे संदीप ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। जिसके कारण दोनों के मध्य जमकर मारपीट हुई। दोनों अपना-अपना पक्ष लेकर चैतमा पुलिस चौकी पहुंचे। चैतमा चौकी पुलिस ने इस मामले में उभय पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर धारा 294, 506, 323, भादवि के तहत काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर मामले में विवचेना शुरू कर दी है।

## जिंदी कौर खुदकुशी मामला, परेशान करने वाले लोग निशाने पर

**कोरबा।** अमरैयापारा क्षेत्र में रहने वाली महिला जिंदी कौर के द्वारा खुदकुशी करने के मामले में मानिकपुर पुलिस की जांच जारी है। इस सिलसिले में कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन पर मृतका को रुपए लौटाने के लिए दबाव बनाने का आरोप है।

6 जुलाई से जिंदी कौर लापता थी। जिसका शव चार दिन बाद एसईसीएल के मानिकपुर डंपिंग साइड पर मिला था। पेड़ पर शव लटके होने की जानकारी लोगों के माध्यम से पुलिस को मिली। जिसके बाद अगली कार्रवाई की गई। मामले में पता चला कि जिंदी ने आर्थिक कारणों से रूपए लिये थे। इसे लेकर उसकी परेशानी कुछ ज्यादा ही बढ़ी हुई थी। शुरुआती पूछताछ में यही चीजें उजागर हुई है कि लोगों के द्वारा दबाव बनाने के कारण उसने खुदकुशी की।

# अंडरब्रिज के लिए किया चक्काजाम समझाईश पर हटे ग्रामीण

**कोरबा।** नेशनल हाईवे संख्या 49बी पर ग्रामीणों ने आज चक्काजाम कर दिया। इन कारणों से लगभग आधे घंटे से जाम की स्थिति बनी रही और वाहन चालकों के साथ-साथ नागरिक परेशान हुए। उरगा पुलिस की टीम के यहां पहुंचने पर समझाईश दिए जाने के बाद प्रदर्शनकर्ता सड़क से हट गए।

ग्रामीणों की मांग है कि पताढ़ी और खेड्डल के बीच अंडरब्रिज का निर्माण कराया जाए। इसके पीछे लोगों ने अपने तर्क दिए। बताया गया कि कई कारणों से इसकी यहां पर आवश्यकता है। लोगों ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर काफी समय से उनके द्वारा अलग-अलग स्तर पर पत्राचार किया गया लेकिन इस दिशा में ध्यान देने के बजाय अगले निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए। ऐसे में हम लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी होगी। काफी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर बैठकर प्रदर्शन किया। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पूरा मामला



नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया से जुड़ा हुआ है।

हाईवे की स्वीकृति के बाद अगली सभी कार्यवाही योजनाबद्ध तरीके से की जा रही है। एनएच के दायरे में क्या कुछ करना है, यह केवल एनएचएआई के अधिकारी तय करेंगे। हमारे द्वारा ग्रामीणों को बता दिया गया है कि पूरा मामला सेंट्रल गवर्नमेंट का है। पुलिस की बात लोगों ने भलीभांति समझी और प्रदर्शन स्थल से हट गए। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा मौके पर बैठने से आधे घंटे तक कोरबा-चांपा की दिशा में आवाजाही पर प्रभाव जरूर पड़ा।

दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक ननकीराम कंवर के द्वारा ऐलान किया गया कि एनएचएआई की मनमानी के कारण आगामी दिनों में चक्काजाम किया जाएगा। उनका आरोप है कि बिना मुआवजा का भुगतान किये ही कोरबा-चांपा मार्ग पर लोगों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## गेरांव से घोटमार पहुंचा दंतैल

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के गेराव जंगल में विचरणरत दंतैल हाथी अब करतला वनपरिक्षेत्र अंतर्गत घोटमार पहुंच गया है। दंतैल को आज सुबह जंगल गए लोगों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर उसका अमला मौके पर पहुंचकर उसकी निगरानी में जुट गया है। उधर एक दर्जन हाथी अभी कुदमुरा रेंज के चचिया सर्किल में जमे हुए हैं। यहां के बैगामार जंगल के निकट नवजात शावक की मौत के बाद हाथी लगातार क्षेत्र में मंडरा रहे हैं और आगे नहीं बड़ रहे हैं। चूंकि हाथियों का यह दल आक्रमक हो सकता है। इसलिए वनविभाग विशेष निगरानी कर रहा है। ग्रामीणों को लगातार सतर्क किया जा रहा है। उधर दो हाथी की मौजूदगी लेमरू परिक्षेत्र में बनी हुई है।

## एचएमएस व एसईकेएमसी ने झोंकी ताकत

**कोरबा।** एसईसीएल में श्रमिक संगठन के सदस्यों का सत्यापन कार्य शुरू होने वाला है। जिसके चलते नेताओं ने दौरा शुरू कर दिया है। कल एसईकेएमसी ने केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने ढेलवाडीह का दौरा किया। उनके साथ केन्द्रीय उपाध्यक्ष संदीप चौधरी व किशोर सिन्हा भी थे।

एरिया महामंत्री संदीप राय को दिशा निर्देश दिया गया है कि सभी इकाईयों में जाकर दौरा कर कामगारों को अपने पक्ष में लाएं। इस बैठक में अशोक सिंह, संजय सिंह, उदेश्वर नायक, अनिल सिंह, उपेन्दर सिंह,चंदराम राठौर, रमेश परिहार, श्याम सुंदर सिंह, संतोष साहू, धनीराम साहू भी थे। एक सप्ताह पहले एचएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडेय का भी कोरबा आगमन हुआ था। उन्होंने ढेलवाडीह में कार्यकर्ताओं की बैठक ली थी। जिसके बाद से एरिया अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा ने इकाईयों का दौरा शुरू कर दिया है। अरविंद सिंह व मनोज सिंह भी लगातार कामगारों से मिल रहे हैं।नाथूलाल पांडेय गेवरा भी गए थे। उनके द्वारा बैठक लिए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह है। यहां पर रेशमलाल यादव व गिरजा साहू अपने-अपने एरिया में सक्रिय हो गए हैं। इस बार एसकेएमएस के एलपी अघरिया व दीपक उपाध्याय कड़ी मेहनत कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बार एसकेएमएस कड़ी चुनौती प्रस्तुत कर सकता है। यहां भी एसकेएमएस के एसईसीएल महामंत्री हरिद्वार सिंह का आगमन हुआ था। उनके द्वारा बैठक लेने के बाद कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह है। एसईकेएमएसी के गेवरा एरिया अध्यक्ष गोपाल यादव व कार्यवाहक अध्यक्ष विकास शुक्ला भी कोयला कामगारों से संपर्क कर रहे हैं।

बीकेकेएमएस के प्रीतम राठौर, कुलदीप कुमार व वीरेन्द्र राठौर भी अपने पुराने साथियों से संपर्क बनाए हुए है। पीछले वर्ष की अपेक्षा इस बार बीकेकेएमएस चुनौती प्रस्तुत करने में सफल हो सकता है।

## नियमों का पालन करना होगा डीजे संचालकों को



**कोरबा।** होटल हरिमंगलम में डिस्ट्रिक्ट साउंड एंड लाइट ऑनर एसोसिएशन स्नेह मिलन समारोह 12 जुलाई को संपन्न हुआ जिसमे जिले के लगभग 200 साउंड और डीजे के मालिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के फोटो में माल्यार्पण के साथ हुई तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डीजे चलाने के लिए निर्धारित नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने की अपील की गई। नये सदस्यों का स्वागत सामूहिक परिचय वार्षिक आय व्यय का विवरण संरक्षकगणों द्वारा सदस्यों को साउंड संबंधी कार्यों में सावधानी के बारे में बताया गया। आने वाले समय में धार्मिक कार्य एवं शादी बारात में उपयोग किये जाने वाले डीजे को लेकर प्रशासन ने व्यवस्था दी है, इसका सभी को पालन करना होगा। एसोसिएशन ने कहा कि डीजे वाहन के उपर कोई व्यक्ति नहीं बैठेगा और न ही निर्धारित बेस से ओवर फंक्सनिंग की जाएगी। इससे अलग हटकर काम करने की स्थिति में अगर कार्रवाई होती है तो संबंधित लोग जिम्मेदार होंगे। समारोह में अध्यक्ष श्याम सिंह, सचिव सुनील चौहान, कोषाध्यक्ष प्रवेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# मनमाने नियम से सुर्खियों में आए प्राचार्य कश्यप को हटाया

**कोरबा।** आखिरकार बरपाली-जिल्गा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य राजेश्वर कश्यप को शिक्षा विभाग ने फौरी कार्रवाई के तहत हटा दिया है। मनमाने नियम बनाने और विद्यार्थियों सहित अभिभावकों को परेशान करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई। काफी समय से प्राचार्य अपनी गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में थे।

जिला शिक्षा अधिकारी गोवर्धन भारद्वाज ने प्राचार्य कश्यप को हटाने से संबंधित आदेश जारी कर दिया है। उन्हें करतला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल पीड़िया पदस्थ किया गया है जहां पर प्राचार्य का पद काफी समय से रिक्त था। आदेश संख्या 2262 में साफ तौर लिखा गया है कि शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। संबंधित आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। इस मामले में कलेक्टर का अनुमोदन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। बताया गया कि बरपाली के प्राचार्य राजेश्वर काफी समय से यहां पदस्थ थे और सरकारी नियम-कायदों के बजाय खुद की बनाई व्यवस्था थोपने की कोशिश कर रहे थे। अलग-अलग कारणों से अभिभावकों और छात्रों को कैसे परेशान किया जाए, इसके लिए कुछ अलग ही नीति बनाई गई थी। कुछ महीने पहले भी स्कूल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों व अभिभावकों ने शिकायत की थी जिस पर कोरबा एबीईओ ने जांच कर रिपोर्ट सौंपी थी। यह मामला ठंडा नहीं हुआ था कि अब शिक्षा सत्र 2023-24 में नवप्रवेशित छात्रों के मामले में प्राचार्य अपना नियम चला रहे थे। कहा जा रहा था कि ऐसे लोगों को शपथ पत्र देना होगा कि वे किसी भी कारण से प्राचार्य की शिकायत कहीं नहीं करेंगे। इस नियम ने लोगों को परेशान किया और इसी चक्कर में प्रवेश की प्रक्रिया बाधित हो गई। कई लोगों ने जनदर्शन में कलेक्टर से इसकी शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद एडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के साथ जरूरी कदम उठाने को कहा गया था। इसके अनुक्रम में प्राचार्य को हटा दिया गया। इस व्यवस्था से बरपाली संस्था में पढ़ने वाले विद्यार्थी से पालक खुश हैं।

## महिला समूहों को मिलेगा नया काम

**कोरबा।** डेढ़ महीने बाद रक्षाबंधन पर्व मनाया जाना है। एनआरएलएम और रीपा से जुड़ीं गतिविधियों के अंतर्गत जिले में महिला समूहों को कलात्मक राखी बनाने के काम से जोड़ा जा रहा है। पिछले तीन-चार वर्षों में जिले के कई समूह दीपावली, होली पर्व पर अपने उत्पाद तैयार करने के साथ सुर्खियां और रकम बटोरने में सफल रहे। रक्षाबंधन पर्व के लिए एक अच्छा अवसर है। बताया गया कि छत्तीसगढ़ के अनाज और कई धरोहरों का उपयोग करने के साथ समूह राखियां तैयार करने में नई पहचान स्थापित कर सकता है।

# कप्तान ने गुंडे-बदमाशों को दी कड़ी चेतावनी

## आचार संहिता से पूर्व सुधर जाए, वरना उन्हें किया जाएगा तड़ीपार

**कोरबा।** डीजीपी अशोक जुनेजा द्वारा कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समक्ष पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों की ली गई मीटिंग के बाद पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किये गए आदेश के बाद उसके परिपालन में कोरबा जिला पुलिस के कप्तान उदयकिरण ने जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुंडे, बदमाश एवं मवालियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आचार संहिता लागू होने से पहले वे अपने गतिविधियों में सुधार लावें वरना हरकतें जारी रहने पर उन्हें तड़ीपार किये जाने की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने मातहत थाना एवं चौकी प्रभारियों को ऐसे तत्वों की सूची बनाने का भी निर्देश दे दिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस



कप्तान श्री किरण ने बताया कि जिले में पुलिस अपराधी तत्वों की नकेल कसने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। इसमें किसी भी तरह की पहुंच या सिफारिश की गुंजाइश नहीं की जाएगी।आसामाजिक तत्व चौक चौराहों से लेकर चौपालों और बाजारों तथा बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशन परिसरों में कही भी किसी भी तरह से कानून व्यवस्था बाधित करें तथा लोगों के शांतपूर्ण माहौल को खराब करें। लोग इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम 9479193399 को दे सकते है या उन्हें 9479193300 में सकते हैं।

उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जिले के सरहदी सीमाओं पर तगड़ी नाकेबंदी किये जाने तथा आने जाने वाले संदिग्धों पर बराबर पैनी नजर रखने का भी निर्देश अपने मातहतो को दिया है। इस दौरान शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों तथा रूपयों के अफरा तफरी संबंधि गतिविधियों पर भी सख्त निगरानी रखने का भी आदेश दिया है।

उन्होंने यह भी बताया कि साईबर सेल को मॉर्डन सुविधाओं से लैश किया जा रहा है। ऐसे में बैंक एवं चीटफंड संबंधि साईबर अपराध करने वालों के ऊपर अंकुश लगाने के लिए भी उन्होंने एक हेल्प लाईन नंबर 1930 जारी किया है। जिसमें पीड़ित व्यक्ति मोबाईल से फोन कर तत्काल पुलिस के साईबर सेल को सूचना दे सकता है। जिसके आधार पर उसके बैंक या एटीएम से निकाले गए या निकालने से पूर्व रूपयों को रूकवाने का काम तत्काल प्रभाव से किया जाए। जुआ, सट्टा एवं अन्य तरह के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही थाना एवं चौकी प्रभारी रोजाना अपने स्टाफ को लीड करते हुए पेट्रोलिंग, गश्त चौकसी के साथ कराएंगे एवं वे खुद इसमें आगे बढ़-चढ़कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहेंगे।

## एपीसीसीएफ यादव कटघोरा पहुंचे

**कोरबा।** एपीसीसीएफ (कैम्पा) ओ.पी. यादव अंबिकापुर से लौटते समय कुछ देर के लिए कटघोरा में रूके। यहां डीएफओ प्रेमलता यादव ने उनसे मुलाकात की और कैम्पा मद में कटघोरा वनमंडल अंतर्गत कराए गए कार्यों की जानकारी देते हुए अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

आवश्यकता है
HOTEL SHREE MAHARAJA
T.P.NAGAR, KORBA 495677
ACCOUNTANT - 2 POST
COMPUTER OPERATOR - 2 POST
अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
CONTACT NO.
91798-66466






# बिरकोनी का मिनीमाता अमृत सरोवर सहेज रहा बारिश की बेशकीमती बूंदें

## महात्मा गांधी नरेगा से मिनीमाता अमृत सरोवर का किया गया गहरीकरण

**जांजगीर-चांपा ।** पानी की हर बूंद बहुत बेशकीमती होती और जरूरी है एक-एक बूंद को बचाकर उसे संरक्षित किया जाए, बारिश की इन बूंदों को संरक्षित करने के लिए महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से बिरकोनी ग्राम पंचायत में मिनी माता अमृत सरोवर (दर्री तालाब गहरीकरण) का कार्य पूर्ण किया गया है, अब इसमें मानसून की गिर रही बारिश की बूंदों को सहेजकर जल संरक्षण एवं संचय शुरू हो गया है, जिसका उपयोग ग्रामीण निस्तारी के साथ ही किसानी के लिए उपयोग करने लगे हैं। इसके साथ ही इस तालाब से समूह की महिलाओं को आजीविका के साधन के लिए तैयार किये जा रहे हैं।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल के मार्गदर्शन में जिले में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अकलतरा कार्यक्रम अधिकारी श्री एलपी राठौर बताते हैं कि ग्राम पंचायत बिरकोनी जनपद पंचायत अकलतरा के अंतर्गत आती है, जो जिला जांजगीर-चांपा से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर है। अमृत सरोवर के तहत ही बिरकोनी में गहरीकरण होने के पहले गांव में पानी को लेकर बहुत समस्या थी, इससे जूझते हुए ग्रामीणों को रोजगार सहायक के माध्यम से जब यह पता चला कि आजादी की 75 वर्ष पूर्ण होने पर महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है, तो इस कार्य में रूचि दिखाते हुए सभी ने एकजुट होकर ग्राम पंचायत से प्रस्ताव तैयार करने को लेकर हामी भरी। ग्रामीणों की एकजुटता के चलते ही अमृत सरोवर (नया तालाब निर्माण कार्य) प्रस्ताव को मंजूरी मिली और कार्य शुरू हो गया। जिसमें महात्मा गांधी नरेगा से 9.82 लाख रूपए की राशि मंजूरी की गई। इस अमृत सरोवर को तैयार करने का बीड़ा महात्मा गांधी नरेगा के जॉबकार्डधारी परिवारों ने उठाया। लगभग 3.5 एकड़ क्षेत्र में फैले तालाब में मनरेगा के 310 परिवारों ने मिलकर 4 हजार 785 मानव दिवस सृजित करते हुए अमृत सरोवर का निर्माण पूरा किया। तकनीकी सहायक श्री शशिकांत देवांगन के तकनीकी मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायक श्री साहेबलाल बंजारे की देखरेख में अमृत सरोवर (दर्री तालाब) का कार्य किया गया, जिसमें इनलेट एवं आउटलेट का निर्माण भी किया गया है। इनलेट के माध्यम से बारिश का पानी बहकर सीधे तालाब में पहुंच रहा है और आउटलेट के माध्यम से तालाब का पानी खेतों तक पहुंचेगा। इस अमृत सरोवर में 42 हजार 600 क्यूबिक मीटर पानी के आसपास भरेगा, जिससे 10 से 15 एकड़ खेतीयुक्त जमीन सिंचित होगी, साथ ही ग्रामीणों को निस्तारी के लिए पानी मिल सकेगा।



आजीविका गतिविधियां होंगी संचालित- अमृत सरोवर से भूजल संरक्षण, संचय के साथ ही आजीविका गतिविधियों का संचालन भी किया जाएगा। तालाब किनारे जहां फलदार पौधे, फूलों का उत्पादन, बाड़ी भी लगाया जाएगा। अमृत सरोवर का निर्माण होने के बाद श्री संतोष पटेल, श्री राकेश पटेल, श्रीमती रश्मि, श्री शिव पटेल बताते हैं कि गांव में अमृत सरोवर के निर्माण से उन्हें रोजगार प्राप्त हुआ, साथ ही गांव में इसके बनने से निस्तारी, बाड़ी विकास, भूजल स्तर की समस्या से छुटकारा मिल गया है। इस दौरान अमृत सरोवर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी साथ-साथ चल रहा है, 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को अमृत सरोवर में भूतपूर्व सैनिक श्री सनत सिंह तंवर, एवं श्री सुरेश सिंह बैस के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया था, जिससे गांव के लोग भी जुड़े।

## जिला रोजगार कार्यालय में 14 जुलाई को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 14 जुलाई दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर जांजगीर में एक दिवसीय प्लसेमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पदों की कार्यवाही की जायेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वी 12वी एवं स्नातक रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा वेतनमान 12 हजार से 27 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही भारतीय जीवन बीमा निगम लाइफ-प्लस जांजगीर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रीय एजेंट शहरी क्षेत्रीय एजेंट एवं सामान्य एजेंट के 100 पदों पर भर्ती की जायेगी। उक्त पद हेतु निर्धारित योग्यता 10 वी 12 वी निर्धारित किया गया है। मासिक वेतन 5 हजार से 6 हजार एवं कमीशन रखा गया है। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लसमेंट कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता हैं।

## खरीफ फसल की सिंचाई के लिए नहरों में छोड़ा गया पानी

**जांजगीर-चांपा ।** कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने बताया कि कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार खरीफ सिंचाई वर्ष 2023-24 के लिये 23 जून 2023 को कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार 10 जुलाई 2023 को नहरों से खरीफ फसल की सिंचाई हेतु पानी छोड़ा जाना था। उक्त परिपेक्ष्य में आज हसदेव दांयी तट नहर में 514 क्यूसेक एवं हसदेव बांयी तट नहर में 516 क्यूसेक सिंचाई हेतु जल प्रवाह किया गया है।

## शाला प्रवेशोत्सव के दौरान निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश

जांजगीर-चांपा । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री एच आर सोम सहित उड़नदस्ता दल द्वारा शाला प्रवेशोत्सव पर जिले के स्कूलों को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 45 शिक्षक बिना पूर्व सूचना, आवेदन के अनुपस्थित पाये गये हैं। जिनके विरूद्ध जिला शिक्षा अधिकारी के नोटिस जारी कर अनुपस्थित दिवस का नियमानुसार वेतन काटने के निर्देश संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित प्राचार्यो को दिए हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की गुणवत्ता का सीईओ ने जायजा लिया





**जांजगीर चांपा ।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने आज जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत पचेड़ा, जगमहंत, बुडेना, अवरीद में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का जायजा लिया और संबंधित हितग्राही से चर्चा करते हुए उनसे प्राप्त आवास निर्माण को लेकर दी गई किश्तों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों, तकनीकी अमले को समय सीमा में आवास को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में चल रही गतिविधियों का अवलोकन भी किया।जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत पचेडा में बन रहे आवास के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने पचेड़ा में आवास हितग्राही राधाबाई वैष्णव, गोविंदा गढ़ेवाल, रामबाई सूर्यवंशी, नर्मदा से चर्चा करते हुए कहा कि स्वयं आगे आकर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ आवास को पूर्ण कराएं। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत अवरीद में निशा कश्यप, जगमहंत में पुरूू राम यादव, बुडेना में छतराम यादव से चर्चा की। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि गुणवत्ता युक्त आवास बनने से उनके लिए बेहतर रहने के लिए स्थान मिल सकेगा। इसलिए आवास की किश्त के अनुसार समय सीमा में पूर्ण कराएं। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक स्तर पर हितग्राही को दी जा रही किश्त के अनुसार आवास का निर्माण कराये और जियोटैगिंग की जाए। इस कार्य में सतत रूप से मानीटरिंग करते हुए सचिव, रोजगार सहायक के साथ तकनीकी सहायक कार्य करें। उन्होंने गांव में दिए गए लक्ष्य के अनुसार पीएम आवास को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ नवागढ़ श्री अनिल कुमार, पीएम आवास योजना जनपद समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव मौजूद रहे।

उत्पादों की करें बेहतर मार्केटिंग -

महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के तहत ग्राम पंचायत पचेड़ा में औद्योगिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रीपा के माध्यम से फेब्रीकेशन, पेबर ब्लाक, आईस ब्लाक, सेंट्ररिंग एवं आरओ का कार्य किया जा रहा है। सभी उद्योगों में क्षमता के अनुसार उत्पादन करते हुए बेहतर मार्केटिंग की जाए। इस दौरान उन्होंने संबंधित उद्यमियों से कहा कि वे आय-व्यय का लेखा जोखा अपडेट रखें। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि अगर उन्हें कच्चा माल लाने के लिए लोन की आवश्यकता पड़ती है तो इसके लिए वह अवगत कराएं। उन्होंने गौठान में नियमित रूप से गोबर की खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## 26 लोगो से की गई ठगी,आरोपी हुआ गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र में 26 लोगो से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जांजगीर से बेरोजगारों को रोजगार देने व लोन देने के नाम पर 5-5 हजार रुपए की ठगी के मामले में आरोपी भागीरथी साहू उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी अनुसार, किरारी गांव के रहने वाले किराना व्यापारी अशोक साहू ने रिपोर्ट कराई की आरोपी भागीरथी साहू अपने अप को आरटीओ का अधिकारी बताए और दुकान में आकर जानकारी दी ।

## ईव्हीएम और वीवीपैट मशीनों की कार्यविधि का दिया प्रशिक्षण,लोगों को किया जागरूक

**जांजगीर-चाम्पा ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 प्रयोजनार्थ ई.व्ही.एम. वीवीपैट मशीनों के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम हेतु ई.व्ही.एम. वीवीपैट वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम में एफएलसी ओके ई.व्ही.एम. एण्ड वीवीपैट मशीनों में से कुल मतदान केन्द्रों के अनुसार 10 प्रतिशत ई.व्ही.एम - वीवीपैट मशीनों को प्रचार प्रसार हेतु प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय परिसर, जांजगीर, आरओ हेडक्वाटर्स एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय में ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर एवं मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन के लिए प्रदाय किये जाने हेतु राजनैतिक पदाधिकारी के उपस्थित सदस्य की उपस्थिति में पृथक से चिन्हांकित कर वेयर हाउस में सुरक्षित रखा गया। इन पृथक किये गये ई.व्ही.एम. वीवीपैट मशीनों को जिला कार्यालय परिसर, जांजगीर, आरओ हेडक्वाटर्स, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय में ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना, साथ ही ई.व्ही.एम. एण्ड वीवीपैट मशीनों का प्रचार-प्रसार मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्र लोकेशन, कलस्टर को कवर करने हेतु प्रदाय किया जाना है। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी, राजनैतिक पदाधिकारी के सदस्य श्री आभाष बोस, श्री राधेश्याम सूर्यवंशी, श्री प्रदीप सराफ तथा जिला निर्वाचन कार्यालय जांजगीर से निर्वाचन पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय, आकाश शर्मा उपस्थित थे।

## बैकिंग सुविधाओं से लोगों को मिला कितना लाभ, बैठक में हुई समीक्षा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित कुल बैंक, संबंधित ब्रांच, एटीएम जिले में बैंकिंग गतिविधियां मुद्रा लोन और आरसेटी की जानकारी लेते हुए विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय साक्षरता जागरूकता एवं डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य आवश्यक स्थलों में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभागों द्वारा बैंक को प्रेषित ऋण प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समस्त शासकीय ऋण योजनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त पात्र लोगों को ज्यादा से ज्यादा लोन दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बैंकर्स को शासकीय योजनाओं से संबंधित खातों का त्वरित गति से आधार सीडिंग कराये जाने कहा।बैठक में बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन आदि गतिविधियों के साथ ही स्वरोजगार स्थापना हेतु प्रेषित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों का जनधन खाता खुलवाने के साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा का कवच उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## आज होगी कौशल परीक्षा

**जांजगीर-चांपा ।** कार्यालयीन संविदा भर्ती विज्ञापन लेखापाल (संविदा) एवं सहायक ग्रेड-03 (संविदा) के पदों की पूर्ति, भर्ती किये जाने हेतु दावें एवं आपत्तियाँ 07 जुलाई 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की अंतरिम सूची जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा के सूचना पटल सहित जिले के अधिकारिक वेबसाईट में अपलोड किया गया है।

## रीपा के उत्पादों की करें बेहतर मार्केटिंग:डॉ. ज्योति पटेल

**जांजगीर चांपा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने बुधवार को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्कमें संचालित गतिविधियों की सिलसिलेवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने रीपा मैनेजरों को सतत रूप से रीपा उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीपा के तहत बनाए जा रहे सभी उत्पादों में गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए और किसी तरह की कोई लापरवाही न करने के निर्देश दिए हैं।जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि रीपा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसमें युवाओं, ग्रामीणों के साथ महिलाओं को जोड़कर उद्यमी बनाया जाना है। इसलिए सभी गंभीरता के साथ कार्य करें, किसी तरह की कोई भी लापरवाही कार्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि रीपा में चल रही गतिविधियों की बेहतर मार्केटिंग की जाए, इसके लिए जरूरी है कि जिले के सभी व्यापारियों, उद्योगों के साथ संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि सतत रूप से उत्पादों के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रत्येक उत्पाद का सेंपल तैयार कर मार्केट में व्यापारियों को उपलब्ध कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक उत्पादन करते हुए विक्रय हो सके। उन्होंने कहा कि अकलतरा जनपद पंचायत के तिलई गौठान में रीपा के माध्यम से नमकीन, आलू के चिप्स, बेसन बूंदी आदि का उत्पादन किया जा रहा है, मार्केट में इनकी बहुत मांग है, इसलिए हर बनने वाले उत्पाद किराना, डेयरी, व्यापारियों के पास यह उत्पाद पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में अकतलरा में किरारी, बलौदा में जर्वे च, महुदा ब, बम्हनीडीह जनपद पंचायत के गोविंदा, अफरीद, नवागढ़ के पचेड़ा एवं पेंड्री ज, पामगढ़ के मुलमुला एवं लोहर्सी में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं।




**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

**बिजली बंद की सूचना**

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि कोरबा के अंतर्गत आने वाले पोड़ीमार जोन के समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33 के व्ही उपकेंद्र बुधवारी के यार्ड का कंडक्टर बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके कारण 33 के व्ही उपकेंद्र बुधवारी से निकलने वाले समस्त 11 के व्ही फीडरों की विद्युत आपूर्ति दिनांक 15.07.2023 को प्रात:10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक पूर्णत:/अंशतः बंद रहेगी। जिससे सीएसईबी कालोनी, आरामशीन, काशीनगर, बुधवारी, खपराभट्ठा एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे।

नोट :-1. समयावधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

2. सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

"विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है"

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., कोरबा

संवाद-37694/2



**कार्यालय सेनानी-13वीं वाहिनी (भा/र), छसबल बांगो जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक-13वीं बटा./छसबल/बांगो/एमटी/M/1382/2023 दिनांक 10/07/2023

**नीलामी विज्ञप्ति (द्वितीय)**

13वीं वाहिनी बांगो, कोरबा के परिवहन शाखा में उपलब्ध अनुपयोगी मोटर पार्ट्स एवं टायर-ट्यूब की नीलामी हेतु मोहर बंद निविदाये आमंत्रित किये जाते है। लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्र. तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम, पता एवं दूरभाष नं. का लेख किया जाना अति आवश्यक है -

1. टॉयर विभिन्न साईज के 67 नग।
2. ट्यूब विभिन्न साईज के 31 नग।
3. फ्लैप विभिन्न साईज के 19 नग।
4. अन्य कण्डम मोटर पार्ट्स 368 कि.ग्रा.।

नीलामी की शर्त निम्नानुसार है-

1. 50 रूपये का चालन शीर्ष 0055 पुलिस मिशलिनियस रिसिप्ट एवं 5,000/- (पांच हजार रूपये) धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में सेनानी 13वीं वाहिनी (भा/र) छसबल बांगो, जिला-कोरबा छ.ग. के नाम से 16.07.2023 से 27.07.2023 तक समय 10:00 से 17:00 बजे जमा कर निविदा फार्म प्राप्त एवं टॉयर-ट्यूब-फ्लैब, मोटर पार्ट्स का निरीक्षण कर सकते हैं। चालान शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
2. बैंक ड्राफ्ट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया विशेषाकृत शासकीय व्यवसाय भारतीय स्टेट बैंक शाखा-कटघोरा जिला-कोरबा छ.ग. कोड क्र. 2861 के भुगतान हेतु जमा किया जावे।
3. निविदा स्वीकार होने पर लगाई गई कीमत का 25% राशि तत्काल जमा कर, शेष राशि बैंक ड्राफ्ट/नगद 07 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। जिसमें प्रतिभूति राशि समायोजित कर ली जायेगी।
4. अस्वीकृत निविदा की प्रतिभूति राशि निविदाकर्ता को वापस कर दी जायेगी। जिसे प्राप्त करने की जवाबदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।
5. दर्शाये गये टॉयर-ट्यूब-फ्लैप एवं मोटर पार्ट्स की कीमत साथ भरा जावे।
6. कमेटी को अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी निविदाओं को अस्वीकृत या पूर्णतः आमान्य कर देगी।
7. निलामी कार्यवाही दिनांक 28.07.2023 को वाहिनी के परिवहन शाखा एतमानगर में सुबह 11:00 बजे निविदाकर्ता के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेगी।

सेनानी
13वीं वाहिनी (भा/र) छसबल
बांगो, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-03220/3



**कार्यालय नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला, जिला -जांजगीर-चांपा ( छ.ग. )**

क्रमांक /1511/ निविदा/ न.पा.प./ लो.नि.वि./2023-24 जांजगीर-नैला, दिनांक 12/07/23

**मैनुअल पद्धति से मलबा नीलामी सूचना**

नगरपालिका परिषद जांजगीर नैला क्षेत्रांतर्गत स्थित पुराना तहसील कार्यालय के विध्वंस से निकले मलबा की बंद लिफाफा से निलामी की जानी है, इसकी आफसेट प्राईस रू.3.00 लाख है, कि नीलामी हेतु आम जनता/ व्यवसायी ठेकेदारों आदि इच्छुक व्यक्तियों से बंद लिफाफा में दिनांक 19.07.2023 तक समय सांय 3.00 बजे तक बोली आमांत्रित की जाती है।

नीलामी की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी में भाग लेने के लिए बंद लिफाफा में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका जांजगीर नैला के नाम देय राशि 200000.00 रू. की ओरिजनल डिमाण्ड ड्राफ्ट, आवेदक का पेन, आधार, खाता क्रमांक, जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन इत्यादि स्वयं सत्यापित कर स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 19.07.2023 समय सायं 3.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला में जमा करना अनिर्वाय होगा।

//जल बचायें भविष्य बचायें//
// प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग ना करें//
//अपने आस पड़ोस को स्वच्छ रखें//

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
जांजगीर-नैला



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ज्योस्तना देवी सिल्ला ( JYOSTNA DEVI SILLA ) उम्र 48 वर्ष पति सान्ता कुमार सिल्ला, मकान नं. 69, वार्ड नं.-2 दर्री रोड कोरबा की निवासी हूं। मेरे सभी दस्तावेजों में हिंदी और अंग्रेजी में यही नाम पूर्वानुसार अंकित है। अपरिहार्य कारणों से मैं पूर्व नाम ज्योस्तना देवी सिल्ला ( JYOSTNA DEVI SILLA ) को परिवर्तित कर रही हूं। भविष्य में मेरे नए नाम ज्योस्त्ना देवी सिल्ला ( JOYOSTNA DEVI SILLA ) को मान्य किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मेरे द्वारा शपथ पत्र निष्पादित कर सत्यापित कराया गया है। अत: मुझे भविष्य में सभी तरह के सम्व्यवहार में मेरे नए नाम ज्योस्त्ना देवी सिल्ला ( JOYOSTNA DEVI SILLA ) से पढ़ा-लिखा और जाना-पहचाना जाए।

आवेदिका
ज्योस्त्ना देवी सिल्ला
( JOYOSTNA DEVI SILLA )
मकान नं. 69, वार्ड नं.-2
दर्री रोड कोरबा ( छ.ग. )



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सौरव साव ( SOURAV SAO ) पिता स्व. चैतन्य प्रकाश साव, उम्र-20 वर्ष, निवासी-आरामशीन कोरबा तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) का निवासी होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं-

यह कि, मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करता हूं तथा मेरा आधार नम्बर 4225 6372 1057 है। यह कि, मेरे नाम पर नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी की गयी है जिसकी रजिस्ट्रीकरण क्रमांक 1623, दिनांक 15.09.2003, अनुक्रमांक 24 तथा पुस्तक क्रमांक 17261 है, जिसमें मेरा नाम हिन्दी में सौरभ साव दर्ज है जिसमें सुधार कराकर मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड, अंकसूची आदि के अनुसार मेरा वास्तविक एवं सही नाम सौरव साव ( SOURAV SAO ) दर्ज कराना चाहता हूं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति होने पर जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी। यह शपथ पत्र उक्ताशय के संबंध में निष्पादित की गयी है जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

आवेदक
सौरव साव
( SOURAV SAO )
आरामशीन, कोरबा



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ S&P: Gen / TN-159/23-24/1739 Raipur, Dtd 10/07/2023

**E-TENDER NOTICE NO. TN- 159 / 23-24**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. N. | Tender No./ RFx No. | Particulars | Last date & time of bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | HW-193/23-24 / (Rfx No. 8100032374) (With RLA) | Painting of complete steel structure of 3rd stream at CHP: Ext, HTPS, Korba (West) | 02.08.2023 Upto 15:00 Hrs. |
| 2. | DW-194/23-24 / (RFx No. 8100032368) (With RLA) | RYM of Fans & Air Heaters DSPM TPS, Korba East. | 02.08.2023 Upto 15:00 Hrs. |
| 3. | MW-198/23-24 / (RFx No. 8100032416) (With RLA) | Round the Year Maintenance contract for Rotary Parts consisting of PA fan, ID fan, FD fan, Seal Air fan, Scanner Air fan and APH & its components of 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Janjgir-Champa | 02.08.2023 Upto 15:00 Hrs. |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal . Any amendment /corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY s-37667/3

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P: Gen)
CSPGCL::Raipur



**न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/2573/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/2023 कोरबा, दिनांक 05.07.2023

रा.प्र.क्र.-756/अ-2/2022-23
ग्राम- दादरखुर्द, प.ह.नं.-21
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 756/ अ-2/ 2022-23 आवेदक श्री देवनारायण साय पिता श्री हरिशंकर साय, निवासी-जमनीपाली, तहसील-दर्री, जिला कोरबा के द्वारा ग्राम दादरखुर्द प.ह.नं. 21 तहसील व जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नं. 511/1 रकबा 0.030 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.07.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)



**न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/2569/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023 कोरबा, दिनांक 05.07.2023

रा.प्र.क्र.-757/अ-2/2022-23
ग्राम- खरमोरा, प.ह.नं.-20
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 757/ अ-2/ 2022-23 आवेदक श्री रूपनारायण सिंह पिता स्व. श्री आनंदराम कंवर, निवासी-ग्राम-सेंदरी, तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती के द्वारा ग्राम-खरमोरा, प.ह.नं.20, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 594/6 रकबा 0.024 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.07.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन

**अपने दिमाग को इस कदर ट्रेनिंग दें कि उसे हर स्तिथि में अच्छाई दिखे।**

# इरादा बुलंद है, लेकिन

इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इस मामले में सशक्त होने के लिए काम करना चाहिए। इस खबर से स्वाभाविक हलचल मची कि कच्चा तेल खरीदने के बदले कई भारतीय कंपनियां रूस को चीन की मुद्रा युवान में भुगतान कर रही हैं। बाद में एक मीडिया रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया कि कम से कम ऐसा दस प्रतिशत भुगतान युवान में हुआ है। इस तरह भारत भी इस समय दुनिया में चल रही मौद्रिक हलचल के बीच चीनी मुद्रा को मजबूत करने में सहायक बन गया है। इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने यह खबर फिर से उछाली भारत ने अनेक देशों के साथ अपनी मुद्राओं में भुगतान करने का करार कर लिया है और इसके लिए जरूरी बैंकिंग सिस्टम भी बना लिया गया है। उधर विदेश मंत्री एस जयशंकर से पिछले दिनों जब ब्रिक्स की प्रस्तावित अपनी करेंसी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसकी संभावना से सिरे से इनकार करते हुए कहा कि भारत का इरादा अपने रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने का है। कहा जा सकता है कि यह इरादा प्रशंसनीय है और भारत अगर भविष्य में महाशक्ति बनना चाहता है, उसे ऐसी महत्त्वाकांक्षा अवश्य रखनी चाहिए। मगर फिलहाल हकीकत इस महत्त्वाकांक्षा से मेल नहीं खाती। 20 से ज्यादा देशों के साथ आपसी मुद्रा में लेन-देन का करार कई महीने पहले हो चुका था। लेकिन उसमें असल में लेन-देन रूस और श्रीलंका के साथ ही शुरू हो सकी और अब संभावना है कि ऐसा बांग्लादेश के साथ होगा। इसी बीच रूस ने रुपये में भुगतान लेना रोक दिया। इस तर्क पर भारत से आयात के बदले भुगतान करने के बाद भी उसके पास जो भारतीय रुपया जमा हो रहा है, उसका कोई उपयोग नहीं है। यह मुद्दा देर-सबेर अधिकांश देशों की तरफ से उठाया जाएगा। कारण यह है कि वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा सिर्फ दो प्रतिशत है। इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत- और खासकर निर्यात क्षमता से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। जड़ मजबूत ना हो, तो फुनगी पर फूल लगाने की कोशिश कामयाब नहीं होती है।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लेकिन कुछ समय के लिए आप अकेलापन भी महसूस कर सकते हैं।

**वृष राशि-** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता दूसरो को प्रभावित करेगी जिससे आपको फायदा होगा। यह दिन दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जाने का है। बस अपने खर्चों पर थोड़ी नजर रखें। कोई अनजाना डर जो मन में चल रहा था वो आज अपने दोस्त से शेयर करने से दूर हो सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज आपको कार्यों में किस्मत का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से किसी दोस्त से चल रही अनबन आज अनबन दूर हो जाएगी।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा। आज आप अपने दोस्तों के साथ शाम को डिनर पर जा सकते हैं। आज स्टूडेंट्स किसी विषय में अपने भाई की मदद ले सकते हैं, जिससे उन्हें काफी हेल्प मिलेगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान की सफलता से आज पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में रोज की अपेक्षा आज ज्यादा लाभ होगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आपको पैतृक संपत्ति से लाभ होने वाला है।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके आर्थिक स्थिति में अच्छे बदलाव होंगे। आज आपको अफवाहों से बचकर रहने की जरूरत है। आज आप अपने-आपको फिट रखने के लिए अपना डाईट प्लान बनाएंगे। कार्यक्षेत्र में आज आपको कोई बड़ी सफलता प्राप्त होगी, लोग आपको बधाई देंगे। दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**तुला राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई रुका हुआ कार्य पूरा करने का प्लान बनाएंगे। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप लोगों को प्रभावित करने में सफल होंगे। विद्यार्थियों को मन चाही सफलता पाने के लिए द्र|ह्लह्ड मेहनत करनी पड़ सकती है, आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आप जल्दबाजी में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय ना लें, इसके बारे में अच्छी तरह से सोच-विचार कर लें। दोस्तों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। साथ में छोटी सी पार्टी का आयोजन करेंगे। आज आप जिस भी कार्य को आत्मविश्वास के साथ शुरू करेंगे उसे पूरा करने में सफल होंगे।

**धनु राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी घरेलू समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर बात करेंगे। आज हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। आज अचानक धन आने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**मकर राशि-** आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आज आपको आय के नए-नए स्त्रोत मिलेंगे। आज आपके घर में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपके आय में वृद्धि होगी जिससे आप अपना बैंक-बैलेंस बढ़ाने में सफल होंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका पराक्रम देखकर लोगों को हैरानी होगी। आप आपका पूरा फोकस अपने कार्यों को पूरा करने पर रहेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। भाई व माता से सहयोग मिलेगा, जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करने में सफल होंगे। कार्यों में आज जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

# यूक्रेन की नाटो में एंट्रीः हां या ना

//श्रुति व्यास//

**नाटो देशों के शासक लिथुआनिया की राजधानी विल्नुस में जुटना शुरू हो गए हैं। उनकी शिखर बैठक 11 जुलाई से शुरू हो रही है। दो दिन की बैठक में कई अहम फैसले लिए जाने हैं, जिनका पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा। बैठक में इस सैनिक जमावड़े में नए सदस्य शामिल करने पर भी विचार होगा। स्वीडन लंबे समय से नाटो का दरवाजा खटखटा रहा है। इस बैठक का पूरी दुनिया पर इसलिए असर पड़ेगा क्योंकि इसमें यूक्रेन के बारे में कई फैसले लिए जाने हैं। यूक्रेन को नाटो में शामिल किया जाए या नहीं और यह भी कि क्या यूक्रेन को कई प्रतिबंधित हथियार देने का अमेरिका का निर्णय उचित है। ये वे हथियार हैं, जिन्हें अमेरिका के मित्र देश, कीव को नहीं देना चाहते। जाहिर है कि इन मसलों पर जो भी निर्णय लिया जाएगा वह युद्ध के भविष्य पर असर डालेगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस बैठक में यह तय होगा कि अपने 31 सदस्य देशों की रक्षा करने और वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था को आकार देने के अपने सबसे अहम उद्देश्यों के बारे में नाटो एकमत है या नहीं। नए देशों को नाटो की सदस्यता देने और यूक्रेन को सैनिक सहायता उपलब्ध करवाने के मुद्दे पर नाटो के सदस्य देशों में मतभेद हैं, यह तो जगजाहिर है ही।**

अमेरिका और जर्मनी यूक्रेन को नाटो की सदस्यता दिए जाने के इच्छुक नहीं हैं तो ब्रिटेन और फ्रांस उसके पक्ष में मुहिम चला रहे हैं। तुर्की चाहता है कि यूक्रेन नाटो में शामिल हो परंतु स्वीडन नहीं। यूक्रेन ने विल्नुस में इकठ्ठा नेताओं को अपनी इच्छा बता दी है। यूक्रेन की फरमाईश है कि उसे सदस्य बनने के लिए बाकायदा आमंत्रित किया जाए। हालांकि यूक्रेन को भी पता है कि उसकी यह इच्छा पूरी होना काफी मुश्किल है। यहां यह साफ कर देना जरूरी है कि यूक्रेन तुरंत नाटो की सदस्यता नहीं चाहता। वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी मानते हैं कि यूक्रेन को युद्ध खत्म होने के बाद ही नाटो में शामिल होना चाहिए। वे नहीं चाहते कि नाटो संधि की धारा पांच के अंतर्गत अन्य देश भी इस युद्ध में शामिल होने पर मजबूर हो जाएं। यूक्रेन चाहता केवल यह है कि उसे न्योता मिल जाए ताकि कथित रणनीतिक अस्पष्टता समाप्त हो सके। यह अस्पष्टता सन 2008 में रोमानिया के बुखारेस्ट में हुई नाटो शिखर बैठक से जारी है। उस समय नाटो ने यह तय किया था कि यूक्रेन को सदस्य बनाया जाएगा परंतु कब और कैसे यह नहीं बताया गया था। यूक्रेन की मंजिल तय थी परंतु सफर पर किस दिन निकलना है यह तय नहीं था। इस कारण यूक्रेन बुरी तरह फंस गया और अंततः पुतिन ने उस पर चढ़ाई कर दी। अब अगर यूक्रेन को न्योता भी नहीं मिलता तो उसे पुतिन की जीत समझा जाएगा। इससे ऐसा भी लगेगा कि पुतिन नाटो के विस्तार को वीटो कर सकते हैं। इससे यह संदेश भी जाएगा कि दूसरे देशों से युद्ध छेड़ने और पराई भूमि पर कब्जा करने की उनकी नीति काम करती है।

इस टालमटोल व अनिश्चितता ने बाल्टिक देशों को और सशंकित कर दिया है। फिर चीन का मसला तो है ही। ताइवान भी एक सिरदर्द है। यूक्रेन पर रूसी हमले और रूस और चीन की गहरी होती दोस्ती के चलते कई एक्सपर्ट्स और टिप्पणीकार यूक्रेन और ताइवान को एक-दूसरे से जोड़ने लगे हैं। हालांकि वे इस बारे में साफ नहीं हैं कि दोनों में से किसे ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए और यह भी कि वे किस प्रकार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। कुछ ज्ञानियों का मानना है कि अमेरिका को यूक्रेन की बजाय ताइवान को ज्यादा अहमियत देनी चाहिए और यूक्रेन को मदद सीमित कर, ताइवान पर फोकस करना चाहिए। दूसरी ओर, अन्य पंडितों का कहना है कि यूक्रेन को साथ इसलिए किया जाना चाहिए क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया गया तो चीन की हिम्मत बढ़ जाएगी और उसे लगने लगेगा कि वह ताइवान को निगल सकता है। यह विशेषकर अमेरिका के बारे में सही है क्योंकि फरवरी 2022 के पहले तक वह यूक्रेन की बजाय ताइवान के बचाव में ज्यादा खड़ा दिखता था। इसमें कोई शक नहीं कि नाटो शिखर बैठक महत्वपूर्ण होगी। अमेरिका में अगले साल चुनाव हैं और यह डर है कि डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर सत्ता में आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिकी विदेश नीति का पेंडुलम उलटी दिशा में खिसक जाएगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस और यूक्रेन के युद्ध ने यह भी साबित कर दिया है कि यूरोप के देश अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर हैं।अमेरिका में चुनाव से यह तो तय होगा ही कि वो यूक्रेन को समर्थन देना जारी रखेगा या नहीं। साथ ही नवंबर 2024 में यह भी तय हो जाएगा कि खुद नाटो का भविष्य क्या होगा और अटलांटिक के दोनों छोरों के देशों में हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने पर एकमत बन पाएगा या नहीं। शिखर बैठक में कई निर्णायक फैसले किए जाने हैं। इस हफ्ते, विल्नुस पर दुनिया की नजर होगी।

## मानवीय भूल का कारण

क्या सिग्लन सिस्टम और दूरसंचार की व्यवस्था आधुनिक मानदंडों पर खरी थी और इससे बावजूद मानवीय भूल हुई। और क्या ऐसी संवेदनशील ड्यूटी निभाने के लिए मानव को जो उचित परिस्थितियां मिलनी चाहिए, वह वहां मौजूद होने के बावजूद ये हादसा हुआ। ओडिशा के बालासोर में पिछले दो जून को हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना के बारे रेल सुरक्षा आयुक्त की जांच इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि यह हादसा मानवीय भूल के कारण हुई। इस भूल के लिए सिग्नल और दूरसंचार विभाग दोषी था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच रिपोर्ट रेल मंत्री को सौंप दी गई है, लेकिन सरकार ने अभी इसे स्वीकार नहीं किया है। इस जांच का एक मतलब यह है कि हादसे के पीछे तोड़फोड़ का अंदेशा खारिज हो जाता है। इसी अंदेशे के कारण यह जांच सीबीआई को भी सौंपी गई थी। बहरहाल, जितनी सूचनाएं सामने आई हैं, उनसे इस पर रोशनी नहीं पड़ती कि मानवीय भूल का कारण क्या था। क्या सिग्लन सिस्टम और दूरसंचार की व्यवस्था आधुनिक मानदंडों पर खरी थी और इससे बावजूद यह भूल हुई। और क्या ऐसी संवेदनशील ड्यूटी निभाने के लिए मानव को जो उचित परिस्थितियां मिलनी चाहिए, वह वहां मौजूद होने के बावजूद यह हादसा हुआ? ये सवाल इसलिए अहम हैं, क्योंकि रेलवे में सुरक्षा संबंधी स्टाफ में भारी कमी और तकनीकी व्यवस्थाओं के कमजोर पड़ने की खबरें अक्सर आती रहती हैं।

अक्सर ऐसी बुनियादी और ढांचागत समस्याएं मानवीय भूल की वजह बन जाती हैं। बालासोर में ऐसा हुआ या नहीं, यह कहने की स्थिति में हम नहीं हैं। बल्कि लोगों को अपेक्षा इस बात की है कि इस हादसे की होने वाली जांच में इस पूरी पृष्ठभूमि को खंगाला जाए। जिस हादसे में 291 जानें गईं और लगभग 900 लोग जख्मी हुए, उसे सिर्फ यह सोच कर नहीं भुलाया जा सकता कि किसी कर्मचारी की भूल से यह सब हो गया। या किसी एक कर्मचारी या एक विभाग के कर्मचारियों को दंडित करना भी पर्याप्त नहीं होगा। मुद्दा यह है कि भारतीय रेल की बुनियाद कमजोर पड़ती चली गई है। अगर उसे दुरुस्त नहीं किया गया, तो हादसों से बचना मुश्किल होगा। हकीकत यह है कि छोटे-मोटे हादसे आम तौर पर होते रहते हैं, जिन पर उनसे संबंधित लोगों के अलावा किसी और का ध्यान तक नहीं जाता। बालासोर दुर्घटना अपने भीषण रूप के कारण चर्चित हुई। तो यह मौका पूरे संदर्भ पर स्पॉटलाइट डालने का है।

# मणिपुर पर मोदी मौन क्यों

//शकील अख्तर//

**हम अभी तक नहीं समझ पाए कि देश के प्रधानमंत्री देश के ही एक हिस्से में दो महीने से ज्यादा समय से चल रही भयानक हिंसा के बाद भी अभी तक उस पर क्यों नहीं बोले। क्या यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा और दुखद आश्चर्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और गोदी मीडिया रोज पूछते हैं कि सत्तर साल में क्या हुआ। सत्तर साल में कम से कम यह तो नहीं हुआ कि देश का एक राज्य इतने लंबे समय तक हिंसा की आग में जलता रहे और प्रधानमंत्री उस राज्य का पहला अक्षर म भी नहीं बोल पाएं।**

क्या कारण है। कोई बता सकता है। क्या मणिपुर में गुजरात पार्ट-2 किया जा रहा है। नरसंहार तो उसी तरह हो रहा है। फर्क बस इतना है कि उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गुजरात जाकर उस समय के मुख्यमंत्री से कहा था कि राजधर्म निभाओ! यह अलग बात है कि उसके बाद भी राजधर्म नहीं निभाया गया। और हिंसा चलती रही। मगर यहां मणिपुर में तो कहा तक नहीं गया। गुजरात आज भी मोदी जी का पीछा कर रहा है। वे विदेश में जहां भी जाते हैं गुजरात पर बनी बीबीसी की फिल्म वहीं दिखाई जाती है। अमेरिका में दिखाई गई और आस्ट्रेलिया की संसद में दिखाई गई। भारत में मोदी सरकार ने उसे बेन कर दिया। बीबीसी के दफ्तर पर छापे मारे। मगर उससे फिल्म रुकी नहीं बल्कि और ज्यादा देखी और दिखाई जाने लगी।क्या मणिपुर में फिल्म नहीं बनेगी। और उसमें यह सवाल नहीं उठेगा कि भारत के प्रधानमंत्री आखिर मणिपुर पर क्यों नहीं बोले। भाजपा के नेताओं और गोदी मीडिया ने तो दावा किया था कि मोदी ने रूस युक्रेन युद्ध रुकवा दिया था। तो अगर दो देशों के बीच युद्ध रुकवा सकते हैं तो मणिपुर में दो समुदायों के बीच हिंसा क्यों नहीं रुकवा रहे। वहां के बारे में तो जितना लिखा जाए कम है! सेना के हाथों से भीड़ आरोपियों को छुड़ा कर ले जा रही है। थानों से हथियार लूटे जा रहे हैं। सुरक्षा बलों पर हमले हो रहे उन्हें मारा जा रहा है। पूरा राज्य दो समुदायों में विभाजित हो गया है।अफसर, पुलिस वाले, नेता कोई अगर सुरक्षित है तो केवल अपने समुदाय के बीच। उसके बाहर निकले तो खतरा है। पूरा गृह युद्ध हो रहा है।अमेरिका तक को कहना पड़ा कि क्या हम मदद करें। इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या होगा। 1971 में भी अमेरिका ने कहा था। जब भारत के किसी राज्य का मामला नहीं था भारत में आ रहे पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों की समस्या थी। मगर इन्दिरा गांधी ने क्या जवाब दिया था।

उन्होंने अमेरिका के किसी भारत स्थित राजदूत को नहीं सीधे अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन से कहा था कि भारत से कुछ कहने की जरूरत नहीं। कहना है तो सीधे पाकिस्तान से कहिए कि वे पूर्वी बंगाल में अत्याचार बंद करे। ताकि वहां से शरणार्थी भारत न आएं। और अगर उनसे नहीं कह सकते हैं तो हम कार्रवाई करेंगे और शरणार्थियों को वापस भेजने की व्यवस्था करेंगे। और वही इन्दिरा गांधी ने किया। बांग्ला देश को आजाद करवाया और शरणार्थियों को वापस भेजा। उस समय लाखों शरणार्थी भारत आ गया था और देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गई थी।फिलहाल तो मणिपुरी अपने देश में शरणार्थी हुए हैं मगर फिर भी अमेरिका के भारत स्थित राजदूत एरिक गार्सेटी ने टिप्पणी कर दी। कांग्रेस ने कहा कि सत्तर साल में यह कभी नहीं हुआ। किसी विदेशी राजदूत की हिम्मत भारत के आन्तरिक मामले में दखल देने की नहीं हुई।आज हमें शौक तो यह है कि दुनिया हमें विश्व गुरु कहें। मगर अपने ही देश में हम जिस तरह हिंसा, नफरत, विभाजन, असहिष्णुता बढ़ा रहे है उसके बाद क्या हम दुनिया से कुछ कहने लायक बचते हैं। अमेरिका के राजदूत ने यहां दिल्ली में कहा। वहां अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जिनसे मोदी जी बराक बराक कहकर बात करते हुए बहुत दोस्ती का दावा करते थे उन्होंने भारत के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की। हम अपनी पीठ खुद ठोकते हुए कहते हैं कि देश में 2014 से पहले पैदा होना शर्म की बात हुआ करती थी। तब यह कोई देश था! अब 2014 के बाद भारतीय होना गर्व की बात है। कहने को तो हम कुछ भी कह सकते हैं। उर्जा की जरुरत नाले से गैस निकालाकर पूरी कर सकते हैं। मगर सच यह है कि जिस चीन ने गलवान में हमारे बीस जवानों को मारा जमीन पर कब्जा कर लिया उसकी मुद्रा युआन को हम तेल के बदले रूस को देकर उसे अन्तराष्ट्रीय मान्यता दिला रहे हैं।अपनी मुद्रा रुपए की अब कोई चिन्ता नहीं है। 2014 से पहले कहते थे कि रुपए का अवमूल्यन भारत के प्रधानमंत्री का अवमूल्यन है। मगर अब तीसरे देश की मुद्रा में भुगतान करके देश की मुद्रा रुपए की कीमत और गिरा रहे हैं। इससे पहले विदेश व्यापार में यह होता था कि या तो अपनी मुद्रा दी जाती थी या उस देश की मुद्रा। तीसरे देश और वह भी जो पिछले पांच सालों से लगातार घुसपैठ कर रहा हो धमकियां दे रहा हो उसकी मुद्रा की अन्तरराष्ट्रीय कीमत बढ़वाने का क्या मतलब है। जैसे मणिपुर पर मौन है ठीक वैसा ही चीन पर। अंदर आया, हमारे जवान मारे, घुस कर बैठ गया। पुल, बंकर, पक्की सड़कें बनाईं। मगर हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि न कोई आया है और न कोई है। इसका कारण भी आज तक किसी की समझ में नहीं आया है कि चीन हमारे जवान मार रहा है। अरुणाचल के बार्डर पर गांव बसा रहा है। जहां घुसपैठ कर ली है वहां से हिलता नहीं है और हम उसे अपने हर निर्माण कार्य के ठेके देने, लगातार आयात बढ़ाते जाने के बाद अब अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी मुद्रा युआन को भी मजबूत कर रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी चाहे चीन पर न बोलें, मणिपुर पर न बोलें मगर राहुल गांधी न केवल बोल रहे हैं बल्कि मणिपुर होकर भी आ गए। मणिपुर के पीड़ितों को एक ढाढस मिला, हिम्मत मिली कि देश में कोई है जिसे उनकी फिक्र है। प्रधानमंत्री तो देश का नेता कहलता है। मगर मोदी के पास चुनावों में प्रचार करने और वहां विपक्ष पर आरोप लगाने का समय तो है। देश को सौ साल का लक्ष्य भी बता रहे हैं। कह रहे हैं कि हम कर्तव्यों को पहली प्राथमिकता देते हैं। अब प्रेस कान्फ्रेंस तो करते नहीं कि कोई पूछे कि क्या मणिपुर कर्तव्य की श्रेणी में नहीं आता है। क्या बेरोजगार युवा की बात करना, महंगाई की बात करना, किसान की, मजदूर की, गरीब, मध्यम वर्ग की आवाज उठाना केवल राहुल का कर्तव्य है। मणिपुर भी उनकी जिम्मेदारी है। कैसे। केवल इसी वजह से कि उनके पर दादा नेहरू ने मणिपुर का विलय भारत में करवाया था? 1947 में मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं बना था। 1949 में नेहरू ने मणिपुर का भारत में विलय करवाया था। तो क्या वह अब प्रधानमंत्री मोदी की जिम्मेदारी नहीं है। कुछ कुछ समझ में आ रहा है। 1947 में देश कांग्रेस के नेतृत्व में हुए स्वतंत्रता संग्राम के बाद आजाद हुआ था। तो क्या इसलिए कहा जाता है कि उसके बाद भारत में पैदा होना शर्म की बात थी!

## नशे की गिरफ्त में किशोर

थिंक फॉर फोरम ने किशोरों में बढ़ रहे नशे को लेकर अपने रिसर्च प्रोग्राम के ताजा नतीजे साझा किए। उन्होंने पाया वैंपिग डिवाइस यानी तंबाकू निर्मित व अन्य नशीले पदाथरे से बने ई-सिगरेट का सेवन नई उम्र के लोगों को गिरफ्त में लेता जा रहा है। उनका मानना है कि फिल्म-संगीत उद्योग, सोशल मीडिया, यूनिवर्सिटी व स्कूलों में इस पर खुलकर बात होनी चाहिए। अभिभावकों व बच्चों के दरम्यान ऐसे रिश्ते कायम होने पर जोर दिया गया, जहां नशे से होने वाले नुकसान पर खुलकर बात हो। ग्लोबल एडल्ट टैबेको सर्वे (2016-17) की रपट के अनुसार, भारत में 29 फीसदी वयस्क किसी न किसी तरह के तंबाकू के उपयोग के आदी हैं। 37 फीसदी एक से पांच सिगरेट हर रोज फूंकते हैं जिसके कारण हर साल तकरीबन दस लाख लोगों की जानें जाती हैं। ई यानी इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर देश में कानूनन पाबंदी होने के बावजूद यह आसानी से बाजार में उपलब्ध है। यही नहीं, साढ़े चार सौ से ज्यादा ब्रांड भी बाजार में मौजूद हैं। प्रारंभ में ऐसे संकेत दिए गए थे कि यह धूम्रपान के बनिस्बत कम नुकसानदेह है। इसलिए सिगरेट के लती लोगों को इसका इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती थी। मगर बाद में इससे होने वाले नुकसान को देखते हुए विशेषज्ञों ने पाया कि धूम्रपान छोड़ कर लोग ई-सिगरेट के लती होते जा रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने डीसीएम डीके शिवकुमार और अन्य पार्टी नेताओं के साथ बेंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ फ्रीडम पार्क में मौन विरोध प्रदर्शन किया।



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने नई दिल्ली में मिलेनियम बस डिपो के पास सरकार द्वारा स्थापित बाढ़ राहत शिविर का दौरा किया।



कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुंबई में पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाते हुए मौन विरोध प्रदर्शन मौन सत्याग्रह किया।



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रांची के मोरहाबादी मैदान में पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मौन सत्याग्रह के दौरान धरना दिया।



मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



पटना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मौन सत्याग्रह के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया।

# एलजी ने दिल्ली में बाढ़ की स्थिति पर बुलाई बैठक, एलजी केजरीवाल भी रहेंगे मौजूद



**नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली में यमुना के जलस्तर ने रिकॉर्डतोड़ बढ़ोत्तरी की है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। यमुना किनारे रहने वाले लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। दिल्ली सरकार बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रही है। वहीं, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एलजी ने गुरुवार (13 जुलाई) को दोपहर 12 बजे बाढ़ की स्थिति पर दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक बुलाई है, जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहेंगे। दिल्ली में यमुना का जलस्तर बुधवार रात 10 बजे 208.05 मीटर को पार कर गया, जो केंद्रीय जल आयोग के अनुमान 207.99 मीटर (13 जुलाई को सुबह 4 से 6 बजे के बीच) से अधिक है।

यमुना नदी फिलहाल खतरे के निशान (205.33 मीटर) से 2.72 मीटर ऊपर बह रही है।दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण एमसीडी ने दिल्ली के 17 स्कूलों को बंद रखने का फैसला किया है। दिल्ली के ये 17 स्कूल गुरुवार को बंद रहेंगे। एमसीडी ने देर रात को सिविल लाइन जोन के 10 स्कूल, शाहदरा साउथ जोन के छह और शाहदरा नॉर्थ जोन का 1 स्कूल को बंद रखने का फैसला किया है। इन सभी स्कूलों की ऑनलाइन कक्षाएं चलती रहेंगी। वर्ष 1978 में जलस्तर 207.49 मीटर तक पहुंचा था। बुधवार दोपहर एक बजे इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए जलस्तर 207.55 मीटर और शाम पांच बजे 207.77 मीटर तक पहुंच गया था। इसमें बढ़ोतरी जारी है, क्योंकि हरियाणा के हथनी बैराज से 3.2 लाख क्यूसिक तक पानी छोड़ा जा रहा है।इस कारण यमुना खादर के बाद अब राजधानी के आवासीय क्षेत्र में पानी भरने का खतरा बन गया है। केंद्रीय जल आयोग ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर सतर्क किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हथिनी कुंड से भारी मात्रा में छोड़े जा रहे हैं पानी रोकने की मांग की है।वहीं, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। मयूर विहार सहित कई स्थानों पर खादर क्षेत्र में फंसे लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। खादर क्षेत्र में धारा 144 प्रभावी कर दिया गया है। अनियोजित विकास के कारण ज्यादा परेशानी हो रही है। सिग्नेचर ब्रिज के पास खादर क्षेत्र में स्थित गढी मांडू गांव के साथ पुराना उस्मानपुर गांव में कई फुट तक पानी भर गया है। इसी तरह से कश्मीरी गेट के नजदीक यमुना बाजार और मोनास्ट्री मार्केट में पानी भरने के साथ ही रिंग रोड पर मजनू का टीला तक पानी पहुंच गया।

# 30 से अधिक देश डिजिटल सेवा कर पर रोक को 2024 तक बढ़ाने पर हुए सहमत, OECD ने दी जानकारी

**पेरिस, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

ओईसीडी ने बुधवार को कहा कि कनाडा को छोड़कर, डिजिटल सेवा कर वाले देश उन्हें कम से कम एक और साल के लिए लागू करने से रोकने पर सहमत हुए हैं। 140 से अधिक देशों को अगले साल 2021 में एक समझौते को लागू करना शुरू करना था, जिसमें दशकों पुराने नियमों में बदलाव किया गया था कि कैसे सरकारें बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाती हैं, जिन्हें व्यापक रूप से पुराना माना जाता है। क्योंकि इन नियमों से ऐप्पल या अमेजॉन जैसे डिजिटल दिग्गज कम कर वाले देशों में काफी मुनाफा कमाते हैं।आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने पेरिस में वार्ता के बाद कहा दो-स्तंभीय सौदे के पहले भाग का उद्देश्य सबसे बड़ी और सबसे अधिक लाभदायक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुनाफे में लगभग 200 बिलियन डॉलर के कर अधिकारों को उन देशों में पुनः आवंटित करना है जहां उनकी बिक्री होती है। 30 से अधिक सरकारें, जिनके पास राष्ट्रीय डिजिटल सेवा कर हैं, इस वर्ष के अंत तक उन्हें एक स्टैंडस्टिल क्लॉज के तहत रखने या उन्हें पूरी तरह से हटाने पर सहमत हुई थीं। सरकारों से अगले वर्ष से 15त्न की वैश्विक न्यूनतम कॉर्पोरेट कर दर निर्धारित करके निवेश आकर्षित करने के लिए सरकारों के बीच कर प्रतिस्पर्धा को समाप्त करने का आह्वान करता है।

जबकि दूसरा स्तंभ आगे बढ़ रहा है और 50 से अधिक देश पहले से ही इसे लागू करने की प्रक्रिया में हैं, कुछ देशों को पहले स्तंभ को रेखांकित करने वाली बहुपक्षीय संधि के बारे में चिंता है। इसलिए योजना अब विवरण को कम करने की है ताकि सरकारें वर्ष के अंत से पहले इस लक्ष्य के साथ हस्ताक्षर कर सकें कि संधि पहले की योजना के अनुसार 2024 के बजाय 2025 में लागू हो।ओईसीडी ने कहा कि यदि कम से कम 30 देश हस्ताक्षर करते हैं, तो राष्ट्रीय डिजिटल कर अधिकारों पर रोक को 2024 तक बढ़ाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर इसे 2025 तक बढ़ाने का विकल्प भी दिया जाएगा। ओईसीडी के कर प्रमुख मैनल कॉर्विन ने कहा कि समझौते में शामिल 143 देशों में से केवल पांच देश - बेलारूस, कनाडा, पाकिस्तान, रूस और श्रीलंका - बैठक में अपना समर्थन देने की स्थिति में नहीं थे। डिजिटल सेवा कर वाले पांच होल्डआउट्स में से एकमात्र देश का हवाला देते हुए कॉर्विन ने पत्रकारों से कहा, कनाडा गतिरोध से सहमत नहीं था।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में डिप्टी कमांडेंट को गोली लगी, पिता ने कहा- बेटा अभी और दुश्मनों को मारो

**अयोध्या, 13 जुलाई [एजेंसी]।**



रात 8.30 का समय था। जब सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट दीपक तिवारी ने अपने पिता कैलाश नाथ तिवारी से बात की। कहा पिता जी, दुश्मनों को छोड़ूंगा नहीं। यह चोट तो मामूली है। चिंता मत करिएगा। अम्मा से बोल दीजिएगा परेशान मत हो। यह बात सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट दीपक तिवारी की है जो अयोध्या के निराला नगर के रहने वाले हैं। वैसे तो वह खजुरहट के मूल निवासी हैं लेकिन काफी समय से निराला नगर में अपने पिता के साथ रहते हैं। झारखंड में देश के दुश्मनों से लोहा लेते हुए जब दीपक तिवारी के घायल होने की सूचना परिवार तक पहुंची तो सभी व्याकुल हो उठे।

लेकिन 8.30 बजे का वह समय और परिवार से कुछ देर की बात ना सिर्फ दीपक बल्कि पूरे परिवार को नई ऊर्जा और देशभक्ति से ओतप्रोत कर गया। दीपक तिवारी की माता सुमन ने बताया कि पहले तो वह बहुत घबरा गई थी, लेकिन जब पता चला कि उनके पुत्र ने देश के दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया है तो गर्व से उनका ललाट दमक उठा। दीपक की पत्नी इंद्रा भी पति के शौर्य पर काफी गर्व करती हैं। दीपक का भरा पूरा परिवार है। जानकारी मिलने पर आसपास के बड़ी संख्या में लोग दीपक के घर पहुंचे।

# पाक महिला के बच्चों को गोद में खिलाकर बॉर्डर पुलिस ने किया था रवाना, लोग बोले- जासूसी करने भारत आई है सीमा

**ग्रेटर नोएडा, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

पब्जी गेम खेलने के दौरान ग्रेटर नोएडा के सचिन के संपर्क में आई पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूटने लगा है। वहीं इसी बीच एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। सूत्रों ने दावा किया है कि खुफिया जांच एजेंसी को सीमा के मोबाइल से कई ऐसे फोटो मिले है, जिसमें इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात यूपी पुलिस के पुलिसकर्मी सीमा के बच्चों को गोद में खिला रहे हैं। इसको जांच में पुलिसकर्मियों की बड़ी लापरवाही माना गया है। सीमा ने बॉर्डर पुलिस से झूठ बोला कि वह दिल्ली की रहने वाली है और नेपाल घूमने गई थी। यही नहीं जांच के दौरान सीमा ने पाकिस्तानी पासपोर्ट ऐसी जगह छिपा लिए थे कि वह पुलिस को नहीं मिले। मोबाइल में मिली फोटो के बाद एक बार फिर से सीमा के जासूस होने की तरफ सुई घूम गई है।

इंटरनेट मीडिया पर लोग सीमा व सचिन की कहानी पोस्ट कर कह रहे हैं कि सीमा की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए कि वह कही जासूसी करने तो भारत नहीं आई है। तबीयत न्यायालय से जमानत मिलने के बाद रबूपुरा कस्बा स्थित सचिन के घर रह रही पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर से बातचीत के लिए पांचवें दिन बुधवार को भी 50 से अधिक मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लगा रहा। मीडिया कर्मियों से लगातार 12 से 15 घंटे बात करने के दौरान अचानक सचिन की तबीयत बिगड़ गई। बातचीत करने के दौरान वह दो बार बेहोश हो गया, जिसे कस्बा स्थित एक क्लीनिक से दवा दिलाकर आराम करने की सलाह दी गई। सचिन के बेहोश होने के बाद भी मीडिया कर्मियों का हुजूम वहां जुटा रहा। सचिन के पिता नेत्रपाल मीडिया कर्मियों से अपने घर से बाहर जाने की अपील करते रहे। नेत्रपाल ने बताया कि सुबह चार बजे ही मीडियाकर्मी कैमर लेकर उसके घर पहुंच जाते हैं। जो रात के 12 बजे तक जुटे रहते हैं, जिसकी वजह से उनके पूरे परिवार की निजता भंग हो रही है। वह समय से खाना पीना भी नहीं खा पा रहे हैं।स्थिति यह है कि अगर सीमा और सचिन पेशाब करने को भी जाते हैं तो मीडियाकर्मी कैमरा चालू करके उनके पीछे लग जाते हैं। जिससे दोनों की मनोदशा बिगड़ती जा रही है। सचिन के चाचा बीरबल ने बताया कि रोजाना मीडियाकर्मी उनके मकान और छतों पर कब्जा कर लेते हैं। लाख कहने के बाद भी बाहर नहीं निकलते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज, जस्टिस उज्जवल भुइयां और एसवी भट्टी की हुई नियुक्ति



**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने पिछले हफ्ते उनकी पदोन्नति की सिफारिश की थी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दोनों जजों की नियुक्ति की जानकारी देते हुए ट्वीट किया है।

उन्होंने लिखा कि भारत के संविधान की ओर से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एसवी भट्टी को सुप्रीम कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्त किया है। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां वर्तमान में तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं और जस्टिस भट्टी केरल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं। उनकी नियुक्तियों के साथ, सुप्रीम कोर्ट में 34 जजों की स्वीकृत संख्या में से 32 जजों की संख्या हो जाएगी।

# अक्षय कुमार की ओ माई गॉड 2 की बढ़ी मुश्किलें, सेंसर बोर्ड ने रिवीजन कमेटी को दिखाने का दिया सुझाव

**नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार की जल्द फिल्म ओ माई गॉड रिलीज होने वाली है। इस बीच सेंसर बोर्ड की कमेटी ने इस फिल्म को रिवीजन कमेटी को दिखाने का सुझाव दिया है। ई टाइम्स में छपी खबर के अनुसार सेंसर बोर्ड ने फिल्म देखने के बाद निर्माताओं को यह सुझाव दिया है कि वह इस फिल्म को रिवीजन कमेटी को भी दिखाएं। ऐसा लग रहा है अक्षय कुमार की फिल्म ओ माई गॉड 2 फिल्म परेशानी में पड़ गई है। ओ माई गॉड 2 के निर्माताओं को सेंसर बोर्ड से अभी शो कॉज नोटिस जारी नहीं हुआ है। सेंसर बोर्ड और निर्माताओं ने अभी इस पर चुप्पी साध रखी है। हालांकि, फिल्म प्रोडक्शन से जुड़े



एक सूत्र ने ई टाइम्स से कहा है,गौरतलब है कि अब से कुछ दिनों पहले अक्षय कुमार ने ओ माई गॉड 2 का टीजर जारी किया है। इसमें वे भगवान शंकर की भूमिका में नजर आ रहे है और वह हर हर महादेव कहते नजर आ रहे हैं। उन के कपाल पर भस्म लगी हुई है। हाल ही में, निर्माताओं ने यामी गौतम का भी लुक जारी किया है। वह इस फिल्म में एक वकील की भूमिका में है।

फिल्म में पंकज त्रिपाठी की भी अहम भूमिका है। ओ माई गॉड का निर्देशन अमित राय ने किया है। यह फिल्म अक्षय कुमार और परेश रावल की फिल्म ओ माई गॉड का सीक्वल है। इस फिल्म में अक्षय ने भगवान श्री कृष्ण की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर सनी देओल की फिल्म गदर 2 से हो रही है।अक्षय कुमार फिल्म अभिनेता है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी हाल ही में फिल्म सेल्फी रिलीज हुई थी। इसमें उनके अलावा इमरान हाशमी की अहम भूमिका थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी।

# मकान मालिक ने महिला के कमरे लगाया कैमरा मोबाइल में देखता था वीडियो, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हैदराबाद ।** हैदराबाद में एक मकान मालिक की घिनौनी करतूत सामने आई है। उसने युवतियों को दिए कमरे में स्पाइ कैमरा लगा दिया था। कैमरे का एक्सेस अपने कंप्यूटर और मोबाइल पर ले रखा था। पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। जुबली हिल्स इलाके में 45 वर्षीय सैयद सलीम ने एक महीने पहले अपना कमरा युवतियों को किराए पर दिया था। युवती का भाई भी साथ ही रहता था।पांच मंजिला इमारत में सलीम पहले तल पर रहता था। उसने कमरा देने के कुछ दिन बाद एक मीटर बाक्स में एक डब्बे के आकार का उपकरण यह कहते हुए लगाया कि इससे वोल्टेज के उतार चढ़ाव से होने वाली दिक्कतों से बचा जा सकेगा। उसने उसमें कैमरा लगा रखा था।

उसने कैमरे को अपने कंप्यूटर और मोबाइल से जोड़ रखा था। सोमवार को युवती ने देखा कि उस बाक्स से निकला तार मकान मालिक के कमरे से जुड़ा है। उसने अपने भाई की मदद से बाक्स की पड़ताल की। उसमें कैमरा लगा था। उसने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# जर्जर हाल में है भारत-पाक सीमा से 25 किमी दूर लाहौर स्थित सिखों का ये पवित्र गुरुद्वारा, ढह रही दीवार, सूखा तालाब

**नईदिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

जब भी हम पाकिस्तान में गुरुद्वारा साहिबों के बारे में बात करते हैं, तो हममें से ज्यादातर लोगों को ननकाना साहिब, पंजा साहिब या करतारपुर साहिब के बारे में ही पता हैं। लेकिन, ऐसे कई अन्य गुरुद्वारा साहिब भी हैं, जिनके बारे में बहुत से लोग नहीं जानते और उनमें से एक है गुरुद्वारा रोरी साहिब । यह गुरुद्वारा साहिब झामन के बाहर लाहौर शहर से लगभग 25 किमी और पाकिस्तान-भारत सीमा से 2-3 किमी दूर पर स्थित है। यह गुरुद्वारा साहिब गुरु नानक देव जी से जुड़ा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि गुरु जी इस स्थान पर तीन बार आए थे, जो उनके पैतृक गांव डेरा चहल से ज्यादा दूर नहीं था। ऐसा माना जाता है कि गुरु जी ने झामन के बाहर एक टीले पर विश्राम किया था। एक प्राचीन खंडहर में उन्हें मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े मिले, जिससे उस स्थान पर बने मंदिर का नाम बाद में गुरुद्वारा रोरी साहिब रखा गया। पंजाबी भाषा में रोरी का मतलब टुकड़े होता है।तीर्थ का निर्माण भाई वाधवा सिंह द्वारा शुरू किया गया और एक सुंदर दरबार में इसे तैयार किया गया। उस समय वहां एक छोटा सा पोखर हुआ करता था जिसे बाद में उनके एक अनुयायी ने एक तालाब में विस्तारित कर दिया। हर वैसाखी और जेठ माह की 20 तारीख को यहां मेले लगते थे।आज ये गुरुद्वारा जर्जर हो चुका है। वह फर्श जहां कभी गुरु ग्रंथ साहिब को रखा जाता था और पाठ किया जाता था,अब गड्ढे में तब्दील हो गया है। गुंबद को मरम्मत की जरूरत है।




दिवारों पर इस्लामिक शब्द लिखे हुए है। तलाब भी सुख चुका है। अगर समय के भीतर इसकी मरम्मत नहीं की गई तो यह धूल का ढेर बन जाएगा। इस गुरुद्वारे की तस्वीर देख सिख समुदाय का दिल टूट सकता है, क्योंकि यहां अब असामाजिक तत्वों/नशीले पदार्थों/लुटेरों का कब्जा हो गया है।पिछले कुछ दिनों से लाहौर में हो रही भारी बारिश के कारण विभाजन के बाद से उपेक्षित पड़ा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री रोरी साहिब ढह गया और अब दीवार का केवल एक ही हिस्सा बचा रह गया है। गुरुद्वारा रोरी साहिब, जो कभी अविभाजित पंजाब के सिख समुदाय का गौरव हुआ करता था, अब वहां की स्थिति बेहद खराब हालत में पड़ी हुई है। यहां कथित छिपे हुए खजाने की तलाश में खुदाई करने वाले लोगों ने इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने एक मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में बताया कि पाकिस्तान में खंडहर पड़े ऐसे कई गुरुद्वारों का मुद्दा कई बार उठाया गया।अगर ऐसे गुरुद्वारों पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो ये जल्द ही ढह जाएंगे। पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और उनकी सरकार ऐतिहासिक स्थलों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है।इस क्षेत्र में अब कोई भी सिख संगत नहीं बची है, इसलिए इस गुरुद्वारे की देखभाल करने वाला कोई नहीं बचा है।बता दें, पाकिस्तान में गुजरांवाला के एमिनाबाद में भी एक और गुरुद्वारा रोरी साहिब है।

# बेरहम ससुरालवालों ने बेटी को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाया, न्याय के लिए भटकने को मजबूर पिता

**हाजीपुर, 13 जुलाई [एजेंसी]।**



वैशाली थाना क्षेत्र में मदरना गांव के बेरहम ससुरालवालों ने एक विवाहिता को पेट्रोल छिड़ककर जला दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस नृशंस हत्या मामले के आरोपी छह महीने बाद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके हैं।आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पिता 6 महीने से न्याय के लिए यहां से वहां भटक रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस मामले में कोर्ट आरोपी की जमानत भी खारिज हो चुका है। पिता हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वैशाली थाना की पुलिस पदाधिकारी के समक्ष गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं। बेटी को खोने वाले पिता का आरोप है कि आरोपी के घर की कुर्की-जब्ती भी नहीं की गई है। इसके कारण आरोपी का मनोबल बढ़ा हुआ है। बीते 8 जनवरी को वैशाली थाना के मदरना में विवाहिता की पेट्रोल छिड़ककर हत्या करने की शिकायत पिता मुजफ्फरपुर जिला के देवरिया थाना के बुढानपुर निवासी अवधेश सिंह ने थाना में कराई थी।

महिला के पति राहुल कुमार एवं सास गुलाबी देवी पर बेटी को प्रताड़ित करने एवं दो लाख नहीं देने पर पेट्रोल छिड़क कर जला कर हत्या करने की प्राथमिकी हुई थी।पिता अवधेश सिंह ने बताया कि 30 जून 2017 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ राहुल कुमार के साथ अपनी बेटी ममता कुमारी की शादी की थी। कुछ ही दिन बाद उसके पति राहुल कुमार, सास गुलाबी देवी उनकी बेटी के साथ गाली-गलौज, मारपीट प्रताड़ित करने लगे।शादी के समय भी उपहार स्वरूप पांच लाख रुपये का सामान, जेवर एवं मोटरसाइकिल भी दिया था। उसके बाद से ही दहेज के लिए बराबर प्रताड़ित करने लगे एवं मेरी बेटी को कहने लगे कि अपने पिता से दो लाख मांगो नहीं तो तुम्हारा जीना मुश्किल कर देंगे और रोज-रोज मारपीट एवं गाली-गलौज करने लगे।

## मुंबई में 2.9 लाख रुपये के 2 पर्स चोरी करने के आरोप में 4 गिरफ्तार : पुलिस

**मुंबई, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

दक्षिण मुंबई में अमेरिका में पढ़ रही एक छात्रा की कार से 2.9 लाख रुपये के दो महंगे पर्स चुराने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि घटना रविवार शाम को लोहार चॉल में हुई जब छात्रा अपने माता-पिता के साथ कुछ घरेलू सामान खरीदने गई थी।पुलिस ने बताया कि पीड़िता 2017 से अमेरिका में पढ़ाई कर रही है और अपने वीजा के नवीनीकरण के लिए मुंबई में है। अधिकारी ने कहा, बाजार जाने से पहले छात्रा ने अपने महंगे पर्स कार के अंदर रखे और जब वह वापस लौटी तो उन्हें गायब पाया।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पर्स में महत्वपूर्ण दस्तावेज और कुछ नकदी थी। छात्रा ने लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# जी-20 समिट से पहले पानी में डूबा 'असिता ईस्ट', विकास में खर्च हुए 12 करोड़ रुपयों पर फिरा पानी

**पूर्वी दिल्ली, 13 जुलाई [एजेंसी]।**

राजधानी में यमुना उफान पर है। जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर पहुंच गया है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए खादर क्षेत्र में तैयार किए गए असिता ईस्ट का 'अस्तित्व' ही खो गया है। असिता ईस्ट के विकास में अभी तक करीब 12 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। यहां विकसित किए गए हरित क्षेत्र, सेल्फी प्वाइंट, पैदल मार्ग, विदेशी प्रजाति के रंग-बिरंगे फूल, प्रवासी व स्थानीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां, जलाशय सहित अन्य प्राकृतिक सुंदरता दर्शाने के सपने पर पानी फिर गया है।हालात ऐसे हैं कि जलस्तर कम होने के बाद भी जी-20 के लिए इसको संवार पाना काफी मुश्किल हो जाएगा। इस वर्ष सितंबर में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी का जिम्मा भारत को मिला है। इसके लिए दिल्ली में भी तैयारियां जोरों पर थीं। प्रकृति के निकट ले




जाने के लिए खादर क्षेत्र में असिता ईस्ट तैयार किया गया था। असिता ईस्ट 197 हेक्टेयर में बनना था। आइटीओ के पुल से लोह वाले पुल के बीच में यह परियोजना चल रही थी।

इसमें 90 हेक्टेयर का एक हिस्सा डीडीए का था, जिसका उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले साल सितंबर में किया था। शेष 107 हेक्टेयर भाग उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग का है, जिसका विकास डीडीए ही कर रहा है। उद्घाटन के समय इस परियोजना को पूर्ण रूप से विकसित करने में 20 करोड़ रुपये की लागत बताई गई थी।बांसेरा पार्क में भी हुआ जलभराव राजधानी के पहले बैंबू (बांस) थीम पार्क 'बांसेरा' के कुछ इलाके में भी जलभराव हो चुका है।

यहां पर असम से लाए गए 25 हजार से अधिक विशेष किस्म के बांस के पौधे लगाए गए हैं। यह पार्क करीब दस हेक्टेयर क्षेत्र में तैयार किया गया है। यहां बांस के पेड़ों के नीचे बैठने के स्थान के साथ ही एक बैंबू केफे भी बना है। इसमें कियोस्क, हट, वाचटावर और कच्चे रास्ते के साथ-साथ ग्रीन वे भी तैयार किया गया है। असिता ईस्ट में पानी भर गया है। मेरी डीडीए के उद्यान विभाग के अधिकारियों से बात हुई है, उनके अनुसार पौधे सात दिन पानी में डूबे रहे तो खराब हो जाएंगे। अगर पानी इस अवधि से पहले उतर गया तो पौधे बच जाएंगे। यमुना का जलस्तर बढ़ने पर बीते सालों में यहां कभी पानी नहीं भरा।

# स्थानीय विश्राम गृह बना चुनावी अखाड़ा



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के स्थानीय विश्राम गृह जहां अतिथि के रुकने की व्यवस्था होती है लेकिन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में इसके विपरीत स्थानीय विश्राम गृह में आए दिन किसी न किसी पार्टी का चुनावी कार्यक्रम संचालित होती नजर आएगा वही बिना परमिशन बिना रिकॉर्ड के पूरा विश्राम गृह खचाखच भरा रहता है यहां पर कार्यरत कार्यकर्ताओं से पूछने पर जानकारी मिलती है कि पूरा फुल है लेकिन यहां पर कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा कोई भी रिकॉर्ड का संधारण नहीं किया जाता है।

इस संबंध में स्थानीय कर्मचारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एसडीएम कार्यालय में पदस्थ बाबू के द्वारा मौखिक रूप से आदेश जारी किया जाता है जिससे आने वाले समय में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है नहीं बाबू के द्वारा और ना स्थानीय कर्मचारियों के द्वारा इस संबंध में कोई पुख्ता रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है वहीं सूत्रों से मिली जानकारी पूर्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर चरण दास महंत के आगमन के समय अव्यवस्था को लेकर कड़ी फटकार लगाई गई थी बावजूद इसके जिले के इकलौता विश्राम भवन की व्यवस्था सुधार के दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है वही इस संबंध में स्थानीय विश्राम भवन से संबंधित अधिकारियों से बात करने पर इनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है और एक दूसरे पर पल्ला झाड़ने नजर आते हैं जिला प्रशासन कोरिया को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है और मौखिक आदेश के मनमानी पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है नहीं तो आने वाले समय में स्थानीय विश्राम भवन मैं ऐसी ही चुनावी प्रक्रिया जारी रहेगी

## अपर कलेक्टर नंदिनी साहू नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की सत्रहवां सत्र 18 जुलाई से 21 जुलाई तक संचालित होना है। जिसके फलस्वरूप विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण सूचनाएं एवं प्रस्ताव सूचनाओं को जानकारी प्राप्त करने तथा संबंधित कर्मचारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही पूर्ण कर समय-सीमा के अंदर विधानसभा प्रश्नों का उत्तर राज्य शासन को भेजे जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विनय कुमार लंगेह द्वारा अपर कलेक्टर श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मो.नं.79875 08356 तथा कार्यालय का फोन नम्बर 07836-232721 एवं फैक्स नम्बर 07836-232722 है।

## आयोग के अध्यक्ष आज दौरे पर

**कोरिया।** छत्तीसगढ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के.पी.खाण्डे, उपाध्यक्ष श्रीमती पदमा मनहर एवं आयोग के सदस्य संतोष सारथी 13 जुलाई को कोरिया जिले के प्रवास पर रहेगें। छत्तीसगढ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री खाण्डे दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित जिला स्तर के अधिकारियों से विभागवार समीक्षा बैठक लेंगे।

# ठेकेदारी के विवाद को लेकर मारपीट में तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोरिया/बैकुंठपुर।** जिले के सोनहत थाना क्षेत्र में एमईसीएल कंपनी में ठेकेदारी के विवाद को लेकर मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजे गए.पानी के ठेका को लेकर हुए विवाद में आरोपी गणों द्वारा गुंडागर्दी दिखाते हुए लाठी डंडे से किया गया था मारपीट. घटना 8.7.2023 को प्रार्थी सुजीत कुमार सिंह एवं आहत रामाधार जायसवाल के द्वारा एमईसीएल कंपनी के मशीन के पास पानी पहुंचाने का ठेका रामाधार जायसवाल के द्वारा लिया गया था जिससे रामाधार जायसवाल एवं सुजीत कुमार सिंह टैंकर लेकर ग्राम कटघोड़ी पहुंचे जो एमईसीएल कंपनी के कैंप में टैंकर को लेकर बाहर बरामदे में सो रहे थे जिससे आरोपी भरत कुमार सिंह उर्फ लल्ला सिंह निवासी नोगई के द्वारा अपने अधीनस्थ काम करने वाले स्टॉप अब्दुल हनीफ एवं शिवमंगल सिंह गौड़ को लल्ला सिंह के द्वारा पैसे का लालच देकर ,नया ठेकेदार रामाधार जायसवाल आया है उसे मारकर भगाओ बोल कर अपने गिट्टी क्रेशर से एम ए सी एल कंपनी कैंप में भेजकर रामाधार जायसवाल एवं सुजीत कुमार सिंह को लाठी डंडा हाथ मुक्का से मारपीट कराया गया है कि रिपोर्ट पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 128/23 धारा 307 109 120 बी आईपीसी का अपराध कायम कर पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देशन पर टीम गठित किया गया प्रकरण के आरोपियों का पता साजिश कर आरोपी भरत कुमार सिंह उर्फ लल्ला पिता उदय भान सिंह स्थाई निवासी बैकुंठपुर जिला कोरिया को दिनांक 10.7.23 को तथा आरोपी शिवमंगल पिता स्वर्गीय बाबूलाल जाति चेरवा उम्र 42 वर्ष साकिन कछार थाना सोनहत एवं अब्दुल हनीफ पिता अब्दुल हमीद उम्र 28 वर्ष साकिन हीरालाल पारा वार्ड मुंगेली थाना मुंगेली को आज दिनांक 12.7.23 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं एवं आरोपियों से लाठी-डंडे तथा पैसे का लालच दिया गया रकम जब्त किया गया है। अग्रिम विवेचना जारी है।

## गांजा लेकर ग्राहक तलाश रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** गुढियारी थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक युवक को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने दिशा कालेज के पास कोटा में दबिश देकर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी की तलाशी लेने पर पुलिस को एक बैग मिला, जिसके अंदर छिपा कर रखा गया 300 ग्राम गांजा मिला।

# 70 स्कूलों के नवीनीकरण पर बड़ी राशि खर्च हुई कोरिया जिले में इस वर्ष




**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब तक जिले के 70 स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हुआ है। जिले में योजना अंतर्गत शाला भवन मरम्मत नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराया जा रहा है। विकासखंड बैकुंठपुर के शिक्षा अधिकारी अनिल जयसवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला भवन का नवीकरण कार्य किया गया है। स्कूल भवनों में पुट्टी कर दीवारों पर बहुरंग कलात्मक एवं बच्चों की पढ़ाई से जुड़े चित्रकला बनाया गया है जिससे बच्चों को प्रेरणा मिल रही है। अब वे दीवार में लिखे गये कलात्मक चित्रकला के ज़रिए भी सीख कर रहे हैं। जीर्णोद्धार के द्वारा नये भवन बन जाने से पढ़ाई में बच्चों का मन लग रहा है और वे खुश हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत सभी स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा जारी है। उन्होंने योजना से जुड़े सभी लंबित कार्यों को शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।

## बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पुजारी चेम्बर के निकट एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन चालक ने जोरदार ठोकर मार दिया था। हादसे में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। घटना 29 जून को ऐलन कोचिंग सेंटर पुजारी चेम्बर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार संतोष देखमुख पिता गणेशराम देखमुख निवासी सत्यनारायण मंदिर के पास टिकरापारा को ठोकर मारकर घायल कर दिया था।

## नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख की ठगी : गिरफ्तार

**रायपुर।** कलेक्टोरेट में स्टेनो के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवक से 6 लाख की ठगी करने वाले शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी नूतन राम पटेल निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला जो कि सूर्या मॉल स्मृति नगर भिलाई में प्राइवेट नौकरी करता था। उसके साथ काम करने वाले नीतेश कुमार गेंड्रे ने उससे ठगी की है। नूतन राम ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि वो और नीतेश 2022 में मिले थे। परिचय के दौरान नीतेश ने बताया कि वह लोगों की शासकीय नौकरी लगाता है। प्रार्थी नूतन नीतेश की बातों में आ गया और अपनी नौकरी लगाने की बात कहा। नीतेश ने 4 माह के अंदर कलेक्टोरेट में बाबू के पद पर उसकी नौकरी लगाने का दावा किया। तय सौदे के मुताबिक नूतन ने नीतेश को 6 लाख रुपए भी दे दिया। जब चार माह बाद नौकरी नहीं लगी तो उसने अपनी रकम वापस मांगा। तब नितेश उसे आज कल बोलकर घुमाने लगा। इसके बाद नूतन सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## खेती-किसानी के काम-काज में आई तेजी

**रायपुर।** लगातार मानसूनी वर्षा होने से खेती-किसानी के काम-काज में धान की रोपाई, बोनी आदि के कार्य में तेजी आई है।

# चौहद्दी बनाने के लिए किसान से रकम की मांग जाच के बाद महिला पटवारी हुई निलंबित




**कोरिया /बैकुंठपुर।** इन दिनों कोरिया जिले में पटवारीयो की मनमानी हावी है बिना शासन के निर्देश जमीन का चौहद्दी बनाने जिले के कई पटवारियों द्वारा दस से बीस हजार रुपये निर्धारित किया गया है बिना इस राशि को लिए जिले में किसानों का चौहद्दी बनाया जाना किसी चमत्कार से कम नही अब यह निर्देश किस अधिकारी ने दिया यह समझ से परे हैं किन्तु कलेक्टर कोरिया ने अब शिकायत मिलने पर इस मामले को गंभीरता से लिया है जहा अब तक दो पटवारी पर निलंबन की गाज गिर चुकी हैं किंतु क्या आगे भी यह राशि नही लिया जाएगा इस पर संसय बना हुआ है क्यो की संबंधित पटवारी ही इसे ऊपर से निर्देश मिलने की बात कह कर राशि लेने की बात कह रहे हैं अब यह किसका निर्देश है यह तो एक पहेली बन कर रह गया हैं ।वही कोरिया जिले के पोड़ी तहसील के हल्का नंबर 12 की महिला पटवारी द्रौपदी सिंह को कलेक्टर कोरिया के द्वारा जाच निर्देश के बाद बैकुंठपुर एसडीएम ने निलंबित कर दिया है । कुछ दिन पहले पटवारी के द्वारा ग्राम अमका निवासी विकास साहू की जमीन की चौहद्दी तैयार करने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की गई थी, जिसका ऑडियो वायरल होने के बाद महिला पटवारी को निलंबित किया गया है.

विदित है कि कोरिया जिले में आए दिन आरआई व पटवारियों के नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं सुरुवात में शिकायत नही मिलने पर कार्यवाही नही हुई किन्तु अब लिखित शिकायत मिलने पर कलेक्टर कोरिया ने इस मामले को गम्भीरता से लिया है । ताजा मामला जिले के बचरापोंडी का है । ग्राम अमका निवासी विकास साहू से हल्का नंबर 12 की पटवारी द्रोपदी सिंह ने जमीन की चौहद्दी बनाने के एवज में उससे 10 हजार रुपए की मांग की थी । इस बातचीत को रिकार्ड कर उसने वायरल कर दिया था । इसमें एक तरफ शिकायतकर्ता की आवाज है, तो दूसरी तरफ पटवारी द्रोपदी सिंह की आवाज सुनाई दे रही है । बता दें कि संबंधित पटवारी पर पहले भी रिश्वत मांगने के आरोप लग चुके हैं । पटवारी के द्वारा विकास साहू से कहा जा रहा है कि वकील को पैसा दे देते हो, जबकि सारा काम हम करते हैं ।हमें पैसा चाहिए ।

इस पर विकास साहू मिन्नतें करता है कि कुछ कम कर लीजिए । इस पर महिला पटवारी आग बबूला होकर कहती है कि पैसा लेकर आना, तब दस्तावेज दूंगी । और यह भी कह रही है कि काम तो मैं पहले ही तुम्हारा कर दी थी, लेकिन पैसा लेकर नहीं आए हो, इसलिए दस्तखत नहीं करुंगी । जब पैसा लेकर आना तब दस्तावेज ले जाना ।यह हाल जिले के सभी हल्का पटवारी में चल रहा किन्तु किसी ने शिकायत नही की जिससे आज तक कार्यवाही नही हुई अब कलेक्टर कोरिया ने शिकायत पर पहल की जिससे आम जनता में अब कार्यवाही को लेकर थोड़ी उम्मीद जगी हैं ।

जब कि पीड़ित किसान तीन महीने से पटवारी के लगातार चक्कर काट रहा है, लेकिन आज तक प्लाट ट्रांसफर का काम नहीं हुआ । विकास साहू ने कलेक्टर से शिकायत कर जांच की गुहार लगाई थी, जिसके बाद कलेक्टर कोरिया ने एसडीएम बैकुंठपुर से जांच रिपोर्ट मांगी ।कारण बताओ नोटिस में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पटवारी को निलंबित कर दिया गया है । वही मनेन्द्रगढ़ जिले के खड़गवां में जन सम्पर्क कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ विधायक की उपस्थिति में एक किसान ने पटवारी के द्वारा राशि की मांग करने की शिकायत नाम जद की जहा विधायक ने फटकार के बाद सभी के राशि लौटने का निर्देश मंच से दिया ।

## मासूम के साथ मालगाड़ी के सामने कूदी महिला, बच्चे की मौत

**रायपुर।** बिलासपुर के तोरवा थाना क्षेत्र में एक महिला अपने मासूम बच्चे को लेकर मालगाड़ी के सामने कूद गई। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि बिलासपुर के संकरी थाना क्षेत्र में घुरू-अमेरी में रहने वाली निशा मधुकर तिफरा में कपड़े की दुकान चलाती है। महिला अपने पहले पति को छोड़ कर दूसरी शादी कर ली थी और वह दूसरे पति के साथ ही रह रही थी। महिला का छह साल का बेटा देवांश जो पहले पति हरनारायण मधुकर के साथ रहता था उसे तीन माह पहले ही साथ लेकर आई थी। वह बेटे को लेकर लाल खदान ओवरब्रिज की तरफ गई थी और इस दौरान दोनों काफी देर तक रेलवे ट्रैक के आसपास घूम रही थी। इसी दौरान गतौरा की ओर से एक मालगाड़ी के आते ही वह अपने बच्चे को लेकर ट्रेन के सामने कूद गई। हादसे में मासमू बच्चे की मौके पर ही मौत् हो गई। वहीं महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसे उपचारार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ठेकेदार 12 लाख लेकर करार से मुकरा

**रायपुर।** भवन निर्माण का ठेका लेकर 12 लाख रूपए हासिल करने के बाद सामानों की सप्लाई न करने वाले आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सिविल लाईन थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी विजेन्द्र वर्मा पिता हेमचंद वर्मा 39 वर्ष निवासी हनुमान नगर मठपारा ने शिकायत दर्ज कराया कि प्रार्थी ने भवन निर्माण के लिए सुरेश राव पिता रामा राव संचालक महेश्वरी ट्रेडर्स से संपर्क किया था। दोनों पक्षों के बीच सौदा तय होने के बाद प्रार्थी ने आरोपी ठेकेदार को 12 लाख रूपए की राशि अदा की।

## भक्तों की लग रही कतार भोलेनाथ के कर रहे दर्शन

**रायपुर।** सावन मास में इस बार अधिमास होने के कारण दो सावन होने की वजह से राजधानी सहित प्रदेशभर में शिवालयों में सुबह से ही नदी तालाब में स्नान कर श्रद्धालुओं द्वारा देवों के देव आदि देव महादेव की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया जा रहा है। राजधानी में सुबह से ही कांवरियों की टोली हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए भगवा वस्त्र पहनकर हटकेश्वरनाथ के दर्शन के लिए जाते हुए दिखाई देते हैं। वहीं सोमवार को शहर के सभी शिवालयों एवं शंकर मंदिरों में सुबह 4 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महादेव के दर्शन किए। जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ ही बेल पत्र, मंदार के लाल फूल, धतूरा आदि पूजन सामग्री समर्पित कर भोलेनाथ से परिवार सहित प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सावन मास में भोलेनाथ का श्रद्धापूर्वक पूजन करने से अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 17 जुलाई हरेली तिहार से

**कोरिया।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, खेल प्रतिभावों को निखारनें, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन 17 जुलाई हरेली तिहार से किया जा रहा है। इसमें 16 प्रकार के पारंपरिक खेल विधाएं शामिल की गई है।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, शासकीय रा.स्ना. महा. विद्यालय बैकुण्ठपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर चरचा, बैकुण्ठपुर शामिल है। जिला खेल अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में तीन आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेगें। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18 से 40 वर्ष और तीसरे वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। कलेक्टर ने आयोजको को विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले प्रतिभागियों की संख्यात्मक जानकारी संधारित करने तथा प्रतिभागियों का नाम, पिता का नाम, आधार कार्ड, बैंक खाता, आई.एफ.सी.कोड. मोबाईल नम्बर पंजीयन करते समय ही प्रतिभागियों से लेने के निर्देष दिए है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर 17 से 22 जुलाई तक, जोन स्तर (8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर बनाए गए जोन) पर 26 से 31 जुलाई, विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर 7 से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आय 10 से 20 सितंबर तक और राज्य स्तर पर 25 से 27 सितंबर तक किया जा रहा है।

### इलाज का वादा हुआ पूरा

## मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रयास से नन्ही वर्षा का हुआ कोक्लियर इंप्लांट



**कोरिया बैकुंठपुर।** मनेंद्रगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान चिरमिरी से तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली आठ साल की नन्ही वर्षा अपने परिजनों के साथ आई थी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्षा और उनके परिवार से बातचीत की तथा उनके पिता मुकेश मिश्रा ने अपनी बच्ची वर्षा के इलाज की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने तत्काल वर्षा के इलाज के निर्देश दिए। मुकेश से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा को बचपन से ही सुनने और बोलने में तकलीफ थी जिससे दिनचर्या में काफी कठिनाइयां होती हैं। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन की मदद से वर्षा को एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया। एम्स में कुशल चिकित्सकों द्वारा वर्षा का सफल कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी किया गया। सर्जरी के बाद वर्षा अब पूरी तरह से सुन सकती है और आवाज सुनकर प्रतिक्रिया भी देती है तथा बोलना भी सिख रही है, उनके पिता मुकेश मिश्रा एवं परिवारजनों ने बेहद खुशी एवं संतोष के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह से मिलकर जिला प्रशासन की सहायता के लिए उन्हें धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने ली एनजीटी टास्क फोर्स समिति की बैठक

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) टास्क फोर्स समिति की बैठक 10 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, सचिव जिला विविध प्राधिकरण श्री मोहन सिंह कुर्राम, अपर कलेक्टर श्रीमति नंदनी साहु, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुण्ठपुर/चरचा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के नियमानुसार नगरीय निकायों द्वारा डोर दू डोर अपशिष्टों के संग्रहण एवं परिवहन, अपशिष्टों के एस.एल.आर.एम सेन्टर्स एवं कम्पोस्टिंग शेड, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग्स, ई-वेस्ट के संग्रहण एवं रिसाईकलिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु लैण्ड फिल साईट, नगरीय निकाय क्षेत्र से उत्पन्न निर्माण एवं विध्वंस, निकाय क्षेत्र से जनित द्रव अपशिष्टों के उपचार एवं ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

# भारी बारिश से जल प्लावन की स्थिति,जोखिम में पार कर रहे लोग रपटा को

**मनेंद्रगढ़।** सरकार द्वारा गांव-गांव में स्कूल और सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ताकि ग्रामीण इलाकों को सड़क से जोड़कर उनका विकास किया जा सके और गांवों में स्कूल बनाकर वहां के बच्चों को शिक्षित किया जा सके, लेकिन मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत चनवारीडांड में कुछ और ही मामला देखने को मिला है। यहां पर स्कूल पढ़ने वाले बच्चों,आंगनबाड़ी जाने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए बरसात के समय जान जोखिम में डालकर रपटा पार करना पड़ता है क्योंकि बारिश के दिनों में रपटा जलमग्न हो जाता है और पानी इस रपटा के ऊपर से बहने लगता है। ज्ञात हो कि यह रपटा लोको रेलवे कॉलोनी और ग्राम पंचायत चनवारीडांड को आपस में जोड़ने का काम करता है।ग्राम पंचायत चनवारीडांड कार्यालय और बौरीडांड जाने के लिए यह एक शॉर्टकट रास्ता है इसलिए इस रास्ते का उपयोग नागरिकों द्वारा ज्यादा मात्रा में किया जाता है।रपटा के इस पार रेलवे कॉलोनी में रहने वाले छात्र छात्राएं रपटा के उस पार स्थित स्कूल में अध्ययनरत हैं। जिन्हें बरसात के समय में जान जोखिम में डालना पड़ रहा है।पंचायत द्वारा जो रपटा बनाया गया है,वह भी इतना घटिया निर्माण किया गया कि वर्तमान में यह रपटा जीर्ण शीर्ण अवस्था में है।जिससे निकलने में अनहोनी का डर हमेशा सताता रहता है। रपटा को क्रॉस करने वाला दूसरा रास्ता तो है, लेकिन उस रास्ते से जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी और समय भी लगेगा।इसलिए स्कूल के बच्चे एवं ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन और बारिश के समय इस को पार करते हैं। अब ऐसे में पंचायत द्वारा कोई भी प्रयास नहीं किए जा रहे ताकि स्कूल के पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल जाने के लिए रास्ता मिल सके। पंचायतों में लाखों रुपए का आवंटन होता है। इसके बावजूद भी गांव के विकास के लिए पंचायत कोई कार्य करने पर ध्यान नहीं देती हैं।जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। वहीं छात्रों का कहना है कि टूटे हुए रपटा से निकलते समय डर लगता है। कई बार हम स्कूल जाते समय गिर कर घायल भी हो चुके हैं,और तो और बारिश के मौसम में तो हम लोग स्कूल बड़ी ही मुश्किल से जा पाते हैं क्योंकि रपटा पर ज़्यादा पानी आ जाता है।स्कूल जाने के लिए प्रतिदिन खतरों का सामना करते हुए रपटा के ऊपर से बहते हुए पानी में से निकलना पड़ता है। कई बार स्थानीय लोगों ने शिकायत की है। लेकिन ज़िम्मेदार अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत चनवारीडांड की सरपंच गौरी सिंह ने बताया कि पंचायत द्वारा इस रपटा का निर्माण लगभग 20 से 25 वर्ष पूर्व करवाया गया था। बरसात के दिनों में स्कूली छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों को होने वाली परेशानी को देखते हुए उनके द्वारा विधायक से इस बाबत मौखिक चर्चा कर मांग की गई थी तथा पंचायत इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## बाइक सवार से नगदी-मोबाइल की लूट

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र के उरकुरा नाला के पास मोटर साइकिल एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मोबाइल व नगदी रकम लूटने वाले तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी टेकराम साहू निवासी बसंत विहार कालोनी गोगांव गुढियारी ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 6 जुलाई को प्रार्थी अपना काम निपटा कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान उरकुरा नाला के पास अज्ञात तीन लड़कों ने प्रार्थी का रास्ता रोक लिया तथा मारपीट करते हुए किसी नुकीली चीज से मारकर घायल कर दिया।


श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
महिलाओं की
आर्थिक उन्नति
छत्तीसगढ़ की प्रगति
स्व-सहायता समूहों से जुड़कर 20 लाख महिलाएं
बढ़ा रहीं अपने परिवार की आय
महिला समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की
बिक्री के लिए सी-मार्ट
स्व-रोजगार के लिए महिला समूहों को
मात्र 3% वार्षिक ब्याज पर ऋण
महिला समूहों के अब तक
12.78 करोड़ रुपए ऋण माफ
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
S-36779/64
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com